कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

www.nnindianews.com

NNI
हर ख़बर पर पक्की नज़र

वर्ष :03, अंक :-299, पृष्ठ : 12 | मूल्य- 04.00 रुपये मात्र | गुरुवार, 09 मई, 2024


## दर्दनाक हादसा

## सेप्टिक टैंक में दम घुटने से चार लोगों की मौत



**चंदौली।** जिले के मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के लाठ नंबर दो स्थित एक मकान में सेप्टिक टैंक सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आकर तीन सफाईकर्मी टैंक में गिर गए। इस दौरान मजदूरों को बचाने के चक्कर में भवन स्वामी का पुत्र भी टैंक में गिर गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने चारों को बाहर निकाला। इसके बाद तीन को जिला चिकित्सालय और एक को ट्रामा सेंटर ले गए। जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई। उधर, घटना को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के लाठ नंबर दो निवासी भरतलाल जायसवाल के घर पर कालीमहाल निवासी सफाईकर्मी विनोद रावत (35) वर्ष, कुंदन (42) और लोहा (23) सेप्टिक टैंक सफाई का कार्य कर रहे थे। लोगों के अनुसार टैंक लगभग 12 फुट गहरा था। तीनों सफाईकर्मी आधा टैंक साफ कर चुके थे। इस दौरान तीनों मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आ गए। एक-एक करके तीनों मजदूर टैंक में गिर गए। सफाईकर्मियों को टैंक में गिरता देख भवन स्वामी का पुत्र अंकुर जायसवाल (23) उन्हें बचाने में जुट गया। इस दौरान अंकुर भी टैंक में गिर गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह चारों को टैंक से बाहर निकाला।

# रफाह पर बाइडेन खफा

### अमेरिका ने दे डाली नेतन्याहू को चेतावनी, कहा हमला किया तो नहीं देंगे साथ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन नेतन्याहू पर फिर खफा हो गए हैं। रफाह पर इजरायली सेना के नियंत्रण हासिल करने और इस शहर को गाजा की तरह हमले में तबाह करने की योजना से बाइडेन का माथा सनक गया है। लिहाजा अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को बड़ी चेतावनी दे डाली है। बाइडेन ने कहा कि अगर अब आईडीएफ ने रफाह पर हमला किया तो अमेरिका इजरायल को हथियारों की आपूर्ति नहीं करेगा। बाइडेन ने कहा कि अमेरिका अपने हथियारों का इस्तेमाल रफाह पर हमले के लिए नहीं करने देगा।

बता दें कि रफाह को गाजा में हमास का अंतिम मुख्य गढ़ माना जा रहा है और वहां 10 लाख से ज्यादा आम नागरिकों ने शरण ली हुई है। हालांकि बाइडेन ने ये भी कहा कि अमेरिका अब भी इजरायल की रक्षा के



लिए प्रतिबद्ध है और उसे रॉकेट को बीच में ही मार गिराने वाली प्रणाली तथा अन्य रक्षात्मक हथियारों की आपूर्ति करेगा, लेकिन अगर इजरायल रफह में कार्रवाई करता है तो हम हथियारों और गोला बारूद की आपूर्ति नहीं करेंगे। अमेरिका ने हमास के खिलाफ युद्ध में इजरायल को भारी सैन्य सहायता प्रदान की है। हमास की ओर से सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए अप्रत्याशित हमले के बाद अमेरिका ने इजरायल को दी जा रही मदद को और बढ़ाया। बाइडेन का यह बयान और पिछले सप्ताह इजरायल को भारी बमों की खेप रोकने का उनका निर्णय अमेरिकी प्रशासन और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार के बीच बढ़ते वैचारिक मतभेद का अब तक का सबसे बड़ा संकेत है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि रफह के आसपास इजरायल की कार्रवाई ने अभी सीमाएं पार नहीं की है, लेकिन उन्होंने दोहराया कि इजरायल को अभी ऐसे कदम उठाने की जरूरत है जिससे आम नागरिकों के जीवन की हिफाजत हो। बाइडेन ने कहा, मैंने स्पष्ट कर दिया है कि अगर वे रफाह में प्रवेश करते हैं तो मैं हथियारों की आपूर्ति नहीं करूंगा। हालांकि उन्होंने अभी रफाह का रुख नहीं किया है। उन्होंने कहा,हम इजरायल की सुरक्षा से मुंह नहीं मोड़ रहे हैं बस हम उन इलाकों में युद्ध में इजरायल का साथ नहीं देंगे।

## बसपा ने जारी की एक और लिस्ट



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की एक और लिस्ट जारी की है। इसमें छह प्रत्याशियों के नाम है। इस सूची में यूपी की दो सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का एलान किया गया है। जारी लिस्ट में बसपा ने कुशीनगर और देवरिया सीट से प्रत्याशियों के नाम का एलान किया है। बसपा ने देवरिया सीट से संदेश यादव को टिकट दिया है। जबकि कुशीनगर सीट से शुभ नारायण चौहान को मैदान में उतारा है। सातवें चरण में यूपी की 13 सीटों पर मतदान होगा। नामांकन की अंतिम तारीख 14 मई है।

## कुलगाम में 40 घंटे के बाद मुठभेड़ खत्म, तीन आतंकियों को किया ढेर

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के रेडवानी इलाके में लगभग 40 घंटे के बाद आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ खत्म हो गई है। सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। भारतीय सेना के चिनार कोर ने एक्स पर बताया कि कुलगाम के सामान्य क्षेत्र रेडवानी पाइन में 6-7 मई की मध्यरात्रि को शुरू हुआ एक संयुक्त अभियान लगभग 40 घंटे की निरंतर निगरानी के बाद समाप्त हो गया है। साथ ही तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया है। बुधवार शाम को एक और आतंकी को मुठभेड़ में मार गिराया था।

## एयर इंडिया ने 25 क्रू-मेंबर्स किए बर्खास्त

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइंस ने सामूहिक छुट्टी पर गए कर्मचारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है और 25 कर्मचारियों को निष्कासित कर दिया है। एयरलाइंस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि जिन कर्मचारियों को निष्कासित किया गया है, वो ड्यूटी पर नहीं पहुंचे थे और साथ ही उनका व्यवहार भी ठीक नहीं था। उल्लेखनीय है कि बड़ी संख्या में कर्मचारियों को सामूहिक छुट्टी लेने से



एयर इंडिया एक्सप्रेस की कई उड़ानें रद्द करनी पड़ीं थी। इसके चलते हवाई यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। कर्मचारियों के साथ जारी तनाव के बीच कंपनी थोड़ी देर में बयान जारी करेगी।

टाटा समूह के स्वामित्व वाली कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस के केबिन क्रू ने कथित कुप्रबंधन के विरोध में बुधवार को सामूहिक छुट्टी ले ली। 200 से ज्यादा कर्मचारियों के एकसाथ छुट्टी लेने से कंपनी की उड़ानों के परिचालन पर गंभीर असर पड़ा और कंपनी को 100 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द करनी पड़ीं। इसके चलते हवाई यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।




# देश में एक ही नेता है जो सही बोलता है, वो मेरा भाई राहुल

## प्रियंका गांधी बोलीं- सच बोलने की कीमत चुका रहे हैं राहुल गांधी

**रायबरेली।** प्रियंका गांधी ने शिवगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के लाही बॉर्डर, भवानीगढ़ चौराहा व गूढ़ा में नुक्कड़ सभा की। उन्होंने कहा कि देश में इस समय एक ही नेता है, जो सही बात बोलता है और वह मेरा भाई राहुल गांधी है। सही बात बोलने के कारण राहुल गांधी को कई बार कई मुकदमे झेलने पड़े।

यहां तक उनकी सांसद की सदस्यता को भी रद्द करवा दी गई, लेकिन मेरा भाई डरा नहीं। कहा कि लोगों के दुख दर्द को करीब से जानने के लिए जम्मू कश्मीर से कन्याकुमारी तक करीब 4000 किमी की लंबी पैदल यात्रा की। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार कंपनियों का निजीकरण कर रही है। उद्योगपतियों को फायदा पहुंचा रही है। धर्म के नाम पर लोगों को बांट रही है। धर्म की राजनीति कर रही है। इनसे बच के रहना है। उन्होंने कहा कि मैं कुछ गारंटी लेकर आई हूं, जो मैं पूरा



करूंगी। सरकारी नौकरी में महिलाओं को 50 प्रतिशत की भागीदारी मिलेगी। आंगनबाड़ी, रसोइया, आशा बहू का मानदेय डबल कर दिया जाएगा। खेती में प्रयोग किए जाने वाले सभी उत्पादों को जीएसटी मुक्त कर दिया जाएगा।कर्ज माफी के लिए स्थाई आयोग बनाया जाएगा।

उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी दादी इंदिरा गांधी देश के लिए शहीद हुईं। पिता राजीव गांधी देश के लिए शहीद हुए, जिन्हें नरेंद्र मोदी ने अपमानित करने का काम किया है। इस सरकार में जब महिलाओं पर अत्याचार होते हैं तो सरकार अपराधियों को बचाने का काम करती है। महराजगंज कस्बे में प्रियंका गांधी रोड शो कर रही थीं। भीड़ अधिक थी। एक एंबुलेंस मरीज लेकर आते हुए दिखी तो प्रियंका ने लोगों को हटवाकर एंबुलेंस को रास्ता दिलाया। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को भाई राहुल गांधी के चुनाव प्रचार का आगाज किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने आपकी मुश्किलें कम करने और जरूरतें पूरी करने की बजाय पांच किलो राशन का बोरा पकड़ा दिया। पांच किलो राशन में क्या होने वाला है? बछरावां विधानसभा क्षेत्र के थुलवासां में आयोजित नुक्कड़ सभा में प्रियंका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। प्रियंका ने कहा कि युवा इम्तिहान देते हैं, लेकिन भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो जाता है। किसान भाइयों को फसलों को छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए खेत में सोना पड़ रहा है। थुलवासां में नुक्कड़ सभा के दौरान प्रियंका ने जनता और अपने परिवार के बीच के भावनात्मक रिश्तों का भी जिक्र किया।

# अंतिम सांस तक लड़ता रहूंगा: आकाश आनंद

**लखनऊ।** पद से हटाए जाने के बाद आकाश आनंद की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। बसपा नेता और पार्टी प्रमुख मायावती के फैसले के बाद आकाश आनंद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है।

आनंद ने लिखा, बसपा प्रमुख मायावती आप पूरे बहुजन समाज के लिए आदर्श हैं, करोड़ों देशवासी आपको पूजते हैं। आपके संघर्षों की वजह से ही आज हमारे समाज को एक ऐसी राजनैतिक ताकत मिली है जिसके बूते बहुजन समाज आज सम्मान से जीना सीख पाया है।

आप हमारी सर्वमान्य नेता हैं। आपका आदेश सिर माथे पे। भीम मिशन और अपने समाज के लिए मैं अपनी अंतिम सांस तक लड़ता रहूंगा। आपको बता दें कि सीतापुर में भड़काऊ भाषण देना बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर और बसपा सुप्रीमो मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद पर भारी पड़ गया। मायावती ने मंगलवार देर रात उन्हें दोनों अहम जिम्मेदारियों से अलग कर दिया। इसकी वजह उनका अपरिपक्व होना बताई गई है। बता दें



### बसपा प्रमुख का आदेश सिर माथे पर

कि आकाश आनंद ने सीतापुर में जनसभा के दौरान भाजपा नेताओं की तुलना आतंकवादियों से की थी। साथ ही, उन्हें जूतों से मारने की बात कही थी। आकाश आनंद के इस भड़काऊ भाषण के बाद उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ था, जिसमें पार्टी के तीन प्रत्याशियों को भी नामजद किया गया था। बसपा सुप्रीमो मायावती ने इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए आकाश आनंद की रैलियों के आयोजन पर रोक लगा दी थी। इसके बावजूद वह दिल्ली में पार्टी समर्थकों, छात्रों, शिक्षकों आदि से संपर्क साधते रहे और विपक्षी नेताओं को लगातार निशाने पर लेते रहे।

### प्रियंका चतुर्वेदी की अभद्र टिप्पणी

# 'श्रीकांत शिंदे के माथे पर लिखा है- मेरा बाप गद्दार'

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत तीन चरण का चुनाव पूरा हो चुका है। वहीं, आने वाले 4 चरणों की वोटिंग के लिए सभी राजनीतिक दलों के नेता चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। हालांकि, दूसरी ओर नेताओं द्वारा एक दूसरे का अपमान करने के चक्कर में सीमाएं भी लांघी जा रही हैं। अब शिवसेना यूबीटी की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी काफी विवादित टिप्पणी की है। उन्होंने महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के बेटे और लोकसभा सांसद श्रीकांत शिंदे को लेकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है। एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा श्रीकांत शिंदे के माथे पर लिखा है 'मेरा बाप गद्दार है'। ब्प्रियंका ने कहा- गद्दार, गद्दार ही रहेगा। एक फिल्म आई थी दीवार जिसमें अमिताभ बच्चन अपना हाथ दिखाते हैं, उनके हाथ पर लिखा था मेरा बाप चोर है। यह इनके माथे पर लिखा है। श्रीकांत शिंदे के माथे पर लिखा है मेरा बाप गद्दार है।

## सांसद विनोद सोनकर ने दर्ज कराया मुकदमा

**कोशांबी।** अपने खिलाफ लगातार वायरल हो रहे वीडियो के मामले में सांसद व भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर के सब्र का बांध टूट गया। बुधवार को उन्होंने मंझनपुर कोतवाली में तहरीर देकर वीडियो के जरिए अपनी राजनैतिक छवि को धूमिल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मानहानि, साजिश रचने व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पखवाड़े भर से विनोद सोनकर के अलग-अलग वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें जातिगत टिप्पणी की जा रही हैं।

# बीजेपी की हालत टाइट: तेजस्वी

**पटना।** लोकसभा चुनाव के रण में आए दिन राजनीतिक बयानबाजियां चल रही हैं। इसी कड़ी में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने एक बार फिर बीजेपी को निशाने पर लिया है। पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए तेजस्वी यादव ने बीजेपी को घेरते हुए कहा कि वे लोग कभी काम और मुद्दों की बात नहीं करते। चार चीजें असंभव हैं, पहला-सूर्य का पश्चिम से उगना, दूसरा-रेगिस्तान में मछली पकड़ना, तीसरा-आसमान में पेड़ उगाना और चौथा-बीजेपी के लोगों से काम की बात करना।

उन्होंने कहा कि बीजेपी को बताना



चाहिए कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल में कितनी नौकरियां दी हैं। अमीर-अमीर होता जा रहा है और गरीब-गरीब होता रहा है, आखिर ऐसा क्यों। देश की अर्थव्यवस्था क्यों खराब और चौपट होती जा रही है। ये शिक्षा-चिकित्सा की बात कभी नहीं करते हैं। बीजेपी पर हमला तेज करते हुए उन्होंने कहा कि ये हिंदू, मंदिर-मस्जिद, पाकिस्तान, कश्मीर.... इधर-उधर की बात करते हैं। बीजेपी के लोगों ने देश के किसान, नौजवान के भलाई की कोई बात नहीं की है।

प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि पीएम मोदी एयर शो करें या फिर रोड शो, हम जॉब शो करेंगे। अभी तीन फेज का चुनाव हुआ है, इसी में बीजेपी का हालात खराब है, अभी 4 फेज बचा हुआ है। बीजेपी की हालत टाइट है, चुनाव का रिजल्ट चौंकाने वाला होगा।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं विवेक खंडेलवाल मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

प्रधान संपादक अरविन्द सिंह

RNI Title Code no UPHIN49797

निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

# इस चुनाव में नोटों की जगह 'मौत के सामान' की हुई रिकॉर्ड सप्लाई

## नकदी केवल 34 करोड़ ही सीज, 238 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी गई

**नई दिल्ली।** इसे चुनाव आयोग की सख्ती का असर ही कहेंगे कि इस बार चुनाव में इस्तेमाल होने वाले कालेधन का रूप ड्रग्स ने ले लिया है। दो हजार रुपये के नोट बंद होने के बाद कैश लाना-ले जाना खतरों से भरा है। यही वजह है कि इस चुनाव में नोटों की जगह ड्रग्स ने ले ली है। ये पहला चुनाव है, जिसमें प्रदेश में ही 238 करोड़ रुपये की ड्रग्स पकड़ी जा चुकी है और नकदी केवल 34 करोड़ ही सीज हुई है।लोकसभा चुनाव की आचार संहिता 16 मार्च को लगी थी। चुनाव आयोग की मनी पावर वाच टीम ने महज 13 अप्रैल तक ही 4650 करोड़ रुपये की नकदी, शराब, ड्रग्स आदि सीज की, जो 75



साल के संसदीय चुनाव के इतिहास में सबसे ज्यादा था। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 2019 के लोकसभा चुनावों के सातों चरणों में 3475 करोड़ रुपये सीज किए गए थे। गंभीर बात ये है कि कुल जब्त की गई राशि में से करीब आधी ड्रग्स और कोकीन जैसे घातक मादक पदार्थों के रूप में है। पिछले चुनाव की तुलना में इस बार ड्रग्स की जब्ती सबसे ज्यादा है। पिछले पूरे चुनाव के दौरान देशभर में जहां 1239 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी गई थी। वहीं इस बार केवल तीन चरणों के चुनाव में यूपी में ही 238 करोड़ की ड्रग्स सीज की जा चुकी है। वहीं कैश की जब्ती पिछले चुनाव के मुकाबले आधी से भी ज्यादा घट गई। पकड़ी गई ड्रग्स में अफीम, चरस, गांजा से लेकर ब्राउन शुगर तक शामिल हैं। इनकी कीमत 50 हजार रुपये से लेकर दो करोड़ रुपये किलो तक है। सूत्रों के मुताबिक कैश के बजाय ड्रग्स की धरपकड़ में अप्रत्याशित तेजी की मुख्य वजह दो हजार रुपये के नोट हैं, जो बंद कर दिए गए हैं।

उनके मुताबिक पहले चुनाव में इस्तेमाल होने वाले कालेधन को पहुंचाने का जरिया दो हजार के नोट थे। केवल दस गड्डी में ही बीस लाख आसानी से पहुंच जाते थे। पांच सौ के नोटों को लाखों-करोड़ों में ले जाना खतरे से खाली नहीं है।

इस बार आयोग की टीमें डाटा इंटेलीजेंस और तकनीक के आधार पर ज्यादा काम कर रही हैं। ऐसे में ड्रग्स ने कैश की जगह ले ली। एक किलो मादक पदार्थ को किसी भी रूप में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाया जा सकता है। गंतव्य में इसके एवज में कैश दे दिया जाता है। आयोग ने ड्रग्स की रिकॉर्ड जब्ती को गंभीरता से लिया है।

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

03

अपना बृज

गुरुवार, 09 मई, 2024 www.nnindianews.com

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

# रामगोपाल को राम मंदिर अच्छा नहीं लगेगा: योगी

अलीगंज एनएनआई। डीएवी मैदान में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनावी सभा करने पहुंचे। सपा-कांग्रेस गठबंधन पर कड़ा प्रहार किया। कहा कि जेहाद की वकालत करने वालों की जमानत जब्त कर दो। जिससे यह आगे चुनाव लड़ना ही भूल जाएं। लोगों को सीधे धार्मिक रूप से जोड़ते हुए बोले यह चुनाव रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच है।

फर्रुखाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सांसद मुकेश राजपूत के समर्थन में यह चुनावी सभा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामभक्त भारत की सुरक्षा, सम्मान, गरीब, किसान, नौजवान उत्थान के लिए कार्य करने की बात कह रहे हैं। जबकि रामद्रोही कहते हैं कि हमारी राम में आस्था नहीं... राम मंदिर बेकार बन गया। श्रीराम का विरोध करने वालों को शर्म आनी चाहिए। भारत शरीयत और जेहाद से नहीं, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान से चलेगा।



कहा कि जब इनको सत्ता में आने का अवसर मिलता है तो हर जगह डकैती डालने में माहिर होते हैं। रामद्रोही बातों से नहीं मानते हैं। सभा के पीछे की ओर खड़े बुलडोजरों की ओर इशारा कर कहा कि हमने नया आविष्कार किया है, जो आपके सामने खड़ा है। इससे ये लोग बहुत घबराते हैं। घबराहट इस हद तक हो जाती है, गले में तख्ती लटकाकर घूमते हैं, जान बख्श दो।

सपा शासनकाल की याद दिलाते हुए कहा कि सत्ता में आने पर ये लोग किसानों, नौजवानों, बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरा बनते थे। गरीबों की जमीनों पर कब्जा, व्यापारियों से रंगदारी वसूलते थे। अब इनके गले में तख्ती देखकर आपको भी खुशी होती होगी। सुरक्षा की गारंटी केवल भाजपा दे सकती है। कांग्रेस-सपा का गठबंधन सुरक्षा में सेंध लगाने वाला गठबंधन है। हर व्यक्ति की जेब में डकैती डालने वाला, आतंकवाद-नक्सलवाद भड़काने वाला, राममंदिर का विरोध करने वाला गठबंधन है।

सीएम ने कहा कि प्रो. रामगोपाल यादव को मंदिर कैसे अच्छा लगेगा। ये लोग आतंकवादियों को जेल से छुड़ाते हैं। इनकी सरकार में हमने देखा था। अयोध्या, काशी के मंदिर, लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी की कहचरी, रामपुर के सीआरपीएफ कैंप पर हुए हमले 2004 से 2007 तक की सपा सरकार में हुए थे। 2012 में इनकी सरकार आई तो तत्कालीन मुख्यमंत्री ने सबसे पहले आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेने का आदेश किया। इन्हें देश की नहीं, केवल आतंकवादियों की चिंता थी।

## शॉर्ट सर्किट से लगी थी राया सब्जी मंडी में आग

मथुरा। राया के काठ बाजार में लगी आग का कारण शॉर्ट सर्किट सामने आया है। रेलवे लाइन के सहारे रखे 43 सब्जी, हलवाई, चायवालों के खोखे इस घटना में जलकर खाक हो गए। दुकानदारों का लाखों रुपयों का नुकसान हुआ है। इधर, आगजनी की घटना की वजह से रेल यातायात भी प्रभावित हुआ। दो घंटे तक राया स्टेशन पर ट्रेनों का आवागमन रोका गया। स्टेशन पर आने वाली सवारी व माल गाड़ियों को जहां-तहां खड़ा किया गया। घटना राया थाना क्षेत्र के रामलीला मैदान स्थित सब्जी मंडी काठ बाजार की है। बताया जा रहा है कि देर रात 11 बजे के करीब सब्जी मंडी में लगे विद्युत पोल में शॉर्ट सर्किट हुआ।

## भाइयों के साथ पत्नी ने पति को पीट-पीटकर मार डाला

एनएनआई

मैनपुरी। दंपती के बीच चल रहे विवाद ने मंगलवार की रात को हिंसक रूप ले लिया। रात को मायकेवाले घर में घुस आए। युवक को पीट-पीटकर मार डाला। हत्या का आरोप लगा रहे मृतक के परिजन ने पत्नी, पुत्री व अन्य ससुरालीजन को नामजद किया है। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

रात करीब 11 बजे नामजद लोग फिर से घर आए। इसके कुछ देर बाद संतोष की पुत्री राधा ने श्याम सिंह को आकर बताया कि पिता की मौत हो गई है। जब घर जाकर देखा तो तख्त पर संतोष का शव पड़ा था। जमीन व आसपास खून लगा हुआ था। सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस भी मौके पर आ गई। घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ मृतक के परिजन से जानकारी जुटाई।

श्याम सिंह ने मृतक की पत्नी, पुत्री व अन्य मायकेवालों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि पत्नी संगीता, पुत्री राधा, गांव रामपुर थाना अछल्दा औरैया निवासी अजय, शिवम, अतुल, छोटे लाल, सत्य पाल के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## फूड पॉइजनिंग का शिकार हुए करीब दो दर्जन श्रद्धालु

मथुरा एनएनआई। वृंदावन में करीब दो दर्जन श्रद्धालु फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। इन्हें हालत बिगड़ने पर संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया गया। यह सभी लोग राजस्थान के सीकर से बांकेबिहारी के दर्शन करने आए हैं। करीब एक सैकड़ा से अधिक श्रद्धालु राजस्थान के चुरू और सीकर से ब्रज मंडल में धार्मिक यात्रा के लिए आए हैं। बिरला मंदिर स्थित धर्मशाला में ठहरे हुए हैं। मंगलवार की शाम खाना खाने के कुछ देर बाद कुछ श्रद्धालुओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें आनन फानन संयुक्त जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया। इनमें कुछ लोगों को सुधार होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया। वहीं एक दर्जन से अधिक लोगों का चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है। राजस्थान से आई रत्नी देवी ने बताया कि लगभग 20-25 लोग उल्टी-दस्त का शिकार हो गए। इनमें से अधिकांश की हालत में सुधार होने पर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया।

## तेजगंज बवाल: 49 के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

### ईवीएम बदलने की अफवाह पर मंत्री के बेटे व साथियों पर किया था पथराव

मैनपुरी एनएनआई। ईवीएम बदलने की अफवाह पर उग्र ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री के पुत्र व अन्य साथियों के वाहनों पर पथराव किया था। बवाल में कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे। वहीं दो लोग घायल हो गए थे। मामले में घायल स्वदेश की ओर से 29 नामजद सहित 49 लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला, बलवा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

घटना बेवर थाना क्षेत्र के तेजगंज गांव की है। लोकसभा चुनाव 2024 की मतदान के दौरान कैबिनेट मंत्री के पुत्र सुमित प्रताप, बजरंज दल के जिलाध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष कर्ण बहादुर अपनी गाड़ियों से गांव पहुंचे थे। इस दौरान किसी ने अफवाह उड़ा दी कि कुछ लोग ईवीएम बदलने के लिए आए हैं। अफवाह को सच मान कर गांव के कुछ लोगों ने वाहनों के काफिले पर पथराव कर दिया था।

पथराव में वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे। एसडीएम और सीओ भोगांव सुनील कुमार सिंह ने स्थिति को संभाला था। पथराव में घायल तेजगंज निवासी स्वदेश उर्फ बल्ले को उपचार के लिए फरुखाबाद ले जाया गया था। कर्ण बहादुर का भी पुलिस ने मेडिकल कराया। उक्त घटना को लेकर बुधवार को स्वदेश चौहान की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई। बताया कि मंगलवार को वह वोट डालने गए थे। तभी वहां मौजूद सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के बूथ एजेंट आराम सिंह व पार्टी के सोनू यादव, ब्रह्मानंद, आकाश, पुष्पेंद्र यादव, जिनेंद्र सिंह उर्फ बबलू, सुमित, रिषभ यादव, योगेंद्र यादव, संजू, अंकित,, राजेंद्र यादव, डिप्टी,, वनी सिंह, शैलेंद्र सिंह, घनश्याम यादव, सचिन यादव, मोहित, रोहित, अंकित, विपिन, सुनील यादव, राम सिंह यादव, परशुराम, लटूरी सिंह, सुशील यादव, राम अवतार, गजराज यादव, टैली व 20 अन्य ने वोट डालने से रोका।

Sunday Open

पर्दे ही पर्दे

* Sofa Fabric
* Customise Blinds
* Wallpaper
* Flooring all type
* Grass
* Carpet
* All Furnishing Item

किरन मित्तल

बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने संजय प्लेस,

आगरा मो. 9837261764, 8193034811

# कहां है पूर्व मंत्री का नाती!

**घटना के 23 दिन बाद भी पुलिस के हाथ हैं खाली | कुर्की के लिए अभी तक नहीं दिया गया प्रार्थना पत्र**

एनएनआई

**आगरा।** पूर्व राज्यमंत्री का नाती घटना के 23 दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। जबकि उस पर पुलिस ने इनाम भी घोषित कर दिया है। कुर्की की तैयारी की जा रही है। जिस कार से उसने घटना की थी पुलिस उसे बरामद कर चुकी है। आरोपी की अग्रिम जमानत का प्रार्थना पत्र भी खारिज हो चुका है। घटना के 23 दिन बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी न होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं। पीड़ित परिवार को कहना है कि पुलिस दबिश के नाम पर दिखावा कर रही है। आरोपी के घर नतमस्तक होकर लौट आती है। शाहगंज क्षेत्र में कोठी मीना बाजार रोड पर 15 अप्रैल की रात पूर्व मंत्री चौ. उदयभान सिंह के पौत्र दिव्यांश चौधरी ने जूता कारोबारी की बेटी पर कार चढ़ाने की कोशिश की थी। बचाव में आए पिता को टक्कर मार कर भाग गया था। इस सम्बन्ध में हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा शाहगंज थाने में दर्ज हुआ। इस मामले ने पुलिस ने दिव्यांश चौधरी पर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया है। दिव्यांश की अग्रिम जमानत अर्जी भी खारिज हो चुकी है। चौधरी उदयभान सिंह के घर से पुलिस ने आरोपी दिव्यांश की कार भी बरामद कर ली, लेकिन दिव्यांश हत्थे नहीं चढ़ा। पुलिस ने अभी तक कोर्ट में कुर्की के लिए प्रार्थना पत्र तक नहीं दिया है। इस मामले में पूर्व राज्यमंत्री चौधरी उदयभान ने पीड़िता पर आरोप लगाए थे। उसके निजी फोटो और वाट्सएप चैट मीडिया में सार्वजनिक कर कहाकि वह ऐसा करना नहीं चाहते थे, लेकिन साक्ष्य के रूप में इन्हें प्रस्तुत कर रहे हैं। उदयभान के बड़े बेटे डॉ. संजीव पाल सिंह ने पीड़िता पर गंभीर आरोप लगाए थे।



### घर में कैद होकर रह गई पीड़िता

इस घटना के बाद से पीड़िता इतनी दहशत में है कि वह अपने घर से नहीं निकलती। लखनऊ में अब तक अपनी नौकरी में वापस नहीं लौटी है। पीड़िता के पिता का कहना है कि बेटी डरी हुई है। वह उस घटना के बाद से ही घर से बाहर नहीं निकल रही है। पूर्व राज्यमंत्री के आरोपों के बाद से उसे डर है कि लोग उसके बारे में गलत सोच बना चुके हैं।

### सीएम से लगा चुकी है पीड़िता गुहार

पूर्व मंत्री के नाती की सताई पीड़िता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मदद मांगी थी। वीडियो के जरिए पीड़िता ने कहा था कि सीएम योगी आदित्यनाथ अपनी पार्टी के नेताओं की हरकतों पर कार्यवाही नहीं करेंगे। आपके प्रदेश में ही एक लड़की की इज्जत को उछाला जा रहा है। तमाम शिकायतों के बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। इस घटना के विरोध में पंजाबी समाज ने कई बार बैठकें कीं। एकजुटता दिखाते हुए कहाकि चौधरी उदयभान सिंह या तो भाजपा छोड़ें या अपने पोते को पुलिस के हवाले करें। पंजाबी समाज ने पैदल मार्च भी किया। भाजपा कार्यालय पर जाकर नारेबाजी भी की। पुलिस को तीन दिन का समय भी दिया था। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव से भी मुलाकात की। अपनी मांग रखी। जिस पर आश्वासन मिला था कि जल्द ही गिरफ्तारी होगी। पंजाबी समाज ने घोषणा भी की थी कि वे भाजपा का साथ छोड़ देंगे। चुनाव में भाजपा का बॉयकॉट करेंगे।

# नाबालिग को भगा ले गया विशेष समुदाय का युवक

- लव जिहाद के डर से पीड़ित पिता ने पुलिस से लगाई बेटी की बरामदगी की गुहार

एनएनआई

**आगरा।** काफी समय से हिन्दू परिवार में नाम बदल कर रह रहा पड़ोसी युवक 17 वर्षीय नाबालिग को बहला फुसलाकर ले गया। नाबालिग के पिता ने थाने पहुंच समुदाय विशेष के युवक और उसके साथियों के खिलाफ बेटी को भगा ले जाने की शिकायत की है। एत्माद्दौला क्षेत्र में पड़ोस में रहने वाला सोनू को पप्पू नाम के युवक ने अपने घर में पुत्र बनाकर रखा हुआ था। सोनू कलाई पर कलावा बांध कर हिंदुओं की तरह रहता था। आठ मई की दोपहर एक बजे पड़ोस में रहने वाली नाबालिग युवती अचानक अपने घर से गायब हो गई। युवती के पिता ने बेटी को हर संभावित जगह तलाश किया, लेकिन कहीं सुराग नहीं मिला। बाद में जानकारी हुई कि उनके पड़ोसी पप्पू के यहां रहने वाला युवक उनकी बेटी को बहला फुसलाकर ले गया है। आरोप है कि उनकी बेटी का अपहरण करने और साथ देने में पप्पू उसके बेटे तनु, अविनाश, बहन बेबी, पूनम और मां का हाथ है। वे उसकी बेटी की जबरन शादी सोनू से करना चाहते हैं। नाबालिग के पिता ने बेटी के साथ अनहोनी होने की आशंका जताते हुए सोनू और उसे शरण देने वाले परिवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है।

# विवि ने शुरू की वेब रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

- संस्थान और कॉलेजों में प्रवेश के लिए करा सकेंगे वेब रजिस्ट्रेशन

एनएनआई

**आगरा।** विवि ने आवासीय संस्थानों के साथ-साथ संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर गई है। वेब रजिस्ट्रेशन के लिए इस बार विद्यार्थियों को अधिक शुल्क देना होगा। विवि ने स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रम के लिए 50-50 रुपए शुल्क अधिक बढ़ा दिया है। गौरतलब है कि विवि के सत्र 2024-25 के लिए वेब रजिस्ट्रेशन आठ मई से शुरू हो गए। विवि ने इस बार प्रवेश प्रक्रिया को जल्द शुरू किया है। पिछले सालों में प्रवेश प्रक्रिया मई और जून में ही शुरू होती रही थी। प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने के बाद छात्र आवासीय संस्थान और कॉलेजों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। वेब रजिस्ट्रेशन विवि की ऑफिशियल वेबसाइट से किए जा सकेंगे। स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम में रजिस्ट्रेशन के लिए छात्रों को अब तीन सौ रुपए का भुगतान करना होगा। अभी तक यह शुल्क 250 रुपए था। वहीं परास्नातक पाठ्यक्रम में वेब रजिस्ट्रेशन के लिए 350 रुपए के स्थान पर चार सौ रुपए शुल्क का भुगतान करना होगा। एडमिशन कोऑर्डिनेटर प्रो. संजीव कुमार के अनुसार सभी कोर्सों के लिए आवेदन शुरू कर दिए गए हैं। अभी प्रवेश के लिए अंतिम तिथि घोषित नहीं की गयी है। एक-दो दिन में वेब रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि भी घोषित कर दी जाएगी। छात्र पूर्व की भांति विवि की वेबसाइट से वेब रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे।

# प्रॉपर्टी डीलर को मारने वाला तीसरा हत्यारा भी पकड़ा

एनएनआई

**आगरा।** ताजगंज के गुतिला मोड़ पर चाकुओं से गोदकर की गई प्रॉपर्टी डीलर की हत्या के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। हत्यारोपी प्रॉपर्टी डीलर के रिश्ते के भाई हैं। बरौली अहीर के रहने वाले 25 वर्षीय विश्वदीप यादव अपने चाचा रमाकांत यादव के साथ जमीनों की खरीद फरोख्त का काम करते थे। दो मई की शाम साढ़े सात बजे विश्वदीप साइट से घर आ रहे थे। गुतिला मोड़ पर गांव के ही मनोज, दुर्गेश और उनके साथियों ने विश्वदीप को रोक लिया। विश्वदीप की इन पर कुछ रकम बकाया थी। विश्वदीप ने रकम वापसी को लेकर टोका तो मनोज और दुर्गेश से विवाद हो गया। हाथापाई होने लगी। इस बीच मनोज और दुर्गेश ने विश्वदीप को जमीन पर गिराने के बाद सीने पर चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार कर लहूलुहान कर दिया और मौके से भाग गए। विश्वदीप की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने गुतिला मोड़ से रमाडा जाने वाले रिंग रोड के सर्विस रोड से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं तीसरे हत्यारोपी बीती रात को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से हत्या में इस्तेमाल आला कत्ल बरामद किया गया। पकड़े गए हत्यारोपी मनोज, हरिकेश और दुर्गेश हैं।



# अब लगेज में छिपाकर नहीं ले जा सकेंगे अवैध सामान

- आगरा कैंट और फोर्ट स्टेशन पर लगाए गए हैं पार्सल लगेज स्कैनर
- रेलवे जवान कर्मियों को सीआईएसएफ विशेषज्ञ ने दी स्पेशल ट्रेनिंग

एनएनआई

**आगरा।** यात्री अब रेलवे की आंखों में धूल नहीं झोंक सकेंगे। लगेज में छिपाकर ले जाई जाने वाली अवैध वस्तुओं की पकड़ स्कैनर से हो जाएगी। मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल के निर्देशन में डीआरएम ऑफिस के गोर्वधन सभागार में वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा अनुभव जैन के नेतृत्व में आरपीएफ जवानों और वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों को पार्सल लगेज स्कैनर की स्पेशल ट्रेनिंग दी गई। तीन दिवसीय ट्रेनिंग सीआईएसएफ एयरपोर्ट के इंस्पेक्टर संजय कुमार द्वारा दी गई। गौरतलब है कि आगरा कैंट और आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन पर बुकिंग पार्सल पैकेज चेकिंग के लिए पार्सल स्कैनर लगाए गए हैं। इसके लिए रेलवे सुरक्षा बल और वाणिज्य विभाग को पार्सल लगेज स्कैनर मशीन से संबंधित स्पेशल ट्रेनिंग सीआईएसएफ के लगेज स्कैनर विशेषज्ञ द्वारा दी गई। इसमें आरपीएफ निरीक्षक आगरा किला, आरपीएफ निरीक्षक आगरा कैंट, सीपीएस आगरा किला, सीपीएस आगरा कैंट और रेलवे सुरक्षा बल के जवान व वाणिज्य स्टॉफ मौजूद रहा। इस स्कैनर के जरिए लगेज में छिपाकर ले जाई जाने वाली अवैध वस्तु ओर तस्करी की वस्तुओं को आसानी से पकड़ा जा सकेगा।




## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तो और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन

## चुनावी शोरः सभी ने झोंकी पूरी ताकत, हार-जीत के गणित में उलझे समर्थक, कयासों का दौर शुरू

# किस करवट बैठेगा कम मतदान का ऊंट

एनएनआई

**आगरा।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में आगरा सुरक्षित और फतेहपुर सीकरी सीट पर हुए कम मतदान को लेकर सभी दलों में हलचल है। मतदान में शहरी ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी पहले जैसा उत्साह नहीं दिखाई दिया। कहीं पर कम वोटिंग की चर्चा हो रही है तो कहीं बूथों के माहौल को लेकर बातचीत की जा रही है। पूरा शहर चुनावी खुमारी की चर्चा में डूबा है। चाय-पान की दुकानों से लेकर गली-मोहल्लों में चुनाव की ही चर्चा हो रही है। चुनावी बहस में समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी की जीत का दावा कर रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि कम मतदान से किसको नफा और किसको नुकसान हुआ है। इसका सही जबाव तो आने वाले चार जून को ही मिलेगा, लेकिन इतना जरूर है कि इस बार फतेहपुर सीकरी पर जहां मुकाबला कांटे का है तो आगरा सुरक्षित पर इकतरफ बयार बहती दिखाई दे रही है।

### त्रिकोणीय मुकाबला

लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण के मतदान के बाद आगरा सुरक्षित सीट पर केन्द्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और कांग्रेस-सपा गठबंधन के प्रत्याशी सुरेश कर्दम के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। बसपा ने उत्साह नहीं दिखाया।

### दावों में कोई नहीं पीछे

## भाजपा और गठबंधन प्रत्याशी भर रहे अपनी-अपनी जीत के दावे

लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद अब जीत-हार के दावे चर्चा में हैं। चुनाव में चाहे जो भी आगे रहे, लेकिन दावों में कोई भी पीछे नहीं है। भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के नेता दावा कर रहे हैं कि जीत तो उनकी ही होगी। जीत में मतों के अंतर को लेकर भी अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। राजनीति में रूचि रखने वालों के बीच भी दावे-प्रति दावे सुने जा रहे हैं। मतों का गणित भी समझाया जा रहा है।

मतदान के प्राथमिक अनुमान आने के साथ ही विभिन्न विश्लेषण सुने जाने लगे। साफ कहा गया कि इस बार मतों का विभाजन कम ही होगा।

बसपा को छोड़कर अन्य प्रत्याशी मत विभाजन करते नजर नहीं आए। मतदान के दौरान मतदाताओं को हुई परेशानी और मतदाता सूची में नाम नहीं मिलने से भाजपा को भी समर्थकों का मत कम मिलने की उम्मीद है।

# काफी दिनों बाद परिवार संग किया भोजन

- भाजपा प्रत्याशी प्रो. बघेल ने मतदान के अगले दिन ही लगाया जनता दरबार, फरियादियों की सुनीं समस्याएं



एनएनआई

**आगरा।** भाजपा से आगरा सुरक्षित लोकसभा से प्रत्याशी और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रो. एस पी सिंह बघेल ने चुनाव के अगले ही दिन जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान भी कराया। करीब एक महीने के भागदौड़ के बाद आगरा लोकसभा के मतदान से फारिग हुए प्रो. बघेल बहुत दिनों के बाद समय से घर पहुंचकर परिवार के साथ भोजन किया। रात की नींद लेकर सुबह से ही अपने आवास स्थित कार्यालय पर विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियो की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर उनके निदान के लिए आदेशित किया। एसपी सिंह बघेल ने बताया कि फरियादी का काम करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। यह मेरा 5 साल का हमेशा चलने वाला कार्य है, जिसे मैंने आज ही से आरंभ कर दिया। चुनाव के आने वाले चरणों में पार्टी की ओर से महाराष्ट्र सहित अन्य प्रदेशों में मेरी सभाएं लगी हैं। मोदी जी के निर्देशन में पार्टी के अन्य प्रतियाशियों को जिताने और एनडीए गठबंधन की मजबूत सरकार बनाने के लिए सभी निरंतर जुटे हैं। विपक्ष का सूपड़ा साफ निश्चित है। आगरा लोकसभा एक बड़े मार्जिन से भाजपा जीतने जा रही है। देश में मोदी जी के काम की बदौलत हर वर्ग का पूरा आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशियों को हर चरण में मिल रहा है।

# चुनावी थकान को ठंडी शिकंजी और लस्सी का 'मस्का'

- मतदान के बाद भगवा दल के चुनाव कार्यालय में माहौल उल्लासित

एनएनआई

**एत्मादपुर (आगरा)।** दिनभर मतदान एक्सप्रेस दौड़ने के बाद शाम छह बजे समाप्ति पर पोलिंग पार्टियों के अधिग्रहित बसों में मंडी समिति शाहदरा के लिए फरार्टा भरने के बाद भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपीसिंह बघेल के पुरानी तहसील के पास नवनिर्मित बिल्डिंग में संचालित विधानसभा क्षेत्र के चुनावी कार्यालय पर माहौल पूरी तरह उल्लासमय था। गले में गमछा डाले सबसे पहले व्यापार मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह तोमर बाइक पर पहुंचे। दूसरे तल पर चढ़ते उससे पहले दयालु जी ने मेडिकल स्टोर से आवाज लगा दी..आइए ठाकुर साहिब..चलो। कूलर की उमस भरी हवा में पालती मारी तो नगर मंडल अध्यक्ष विश्वदीप सिंह भी आ गए। बूथ लड़ाके लौटे तो चाय वाले रामू राठौर ने एक ओर से कैंपर में ठंडाती नीबू-काले नमक की शिकंजी काफी वाले गिलासों में हाथों में थमा दी। शिकंजी पीते हुए दिनभर की अच्छी-बुरी चचाएं चल पड़ीं। चर्चा में सैमरा और गढ़ी संपत भी शामिल थे। मोबाइलों पर बूथ प्रभारियों की चक्ल्लस आरंभ हुई तभी पूर्व सभासद बनवारी लाल ने आते ही पीपरिया, धरैरा, सिकतरा, संवाईं और भवांइन के बूथों के आंकड़े बता दिए। पूर्व प्रधान योगेंद्र सिंह धाकरे के फोन की घंटी बजी तो यमुना नदी के किनारे की ग्राम पंचायत रहनकलां के पूर्व प्रधान बनवारी लाल वर्मा ने अपने यहां का हाल सुनाया। इतने में रामू ठंडी मीठी लस्सी से भरी बाल्टी लेकर आ गया। उसने एक बार फिर सभी को काफी के गिलासों में भर-भरकर लस्सी पकड़ा दी। शिकंजी की अपेक्षा लस्सी के प्रति कार्यकताओं में अधिक चाहत दिखाई दी। रामू ने टोकाटाकी कर दी तो पीने वाले दिनभर की मेहनत का उलाहना दिए बिना नहीं रहे। इसके बाद बूथों के आंकड़ों को सूचीबद्ध करने का काम तेज हो गया।

# कैमरों की निगरानी में होगी मतगणना



- पहली बार आगरा और सीकरी की अलग-अलग स्थानों पर होगी गिनती

एनएनआई

**आगरा।** लोकसभा चुनाव की चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। पहली बार जिले में दो जगहों पर मतगणना की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र का अलग-अलग पंडाल लगेगा। पंडाल के भीतर और बाहर 20-20 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। मंडी परिसर में ही कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। एक विधानसभा क्षेत्र में 14 मेजों पर वोट गिने जाएंगे। जबकि एक मेज रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) की होगी। आगरा के मुकाबले सीकरी में बूथों की संख्या कम है। साथ ही जलेसर विधानसभा क्षेत्र की वोटों की गिनती होकर यहां सीट आती है। जलेसर को छोड़कर बाकी चार विधानसभा क्षेत्रों एत्मादपुर, आगरा उत्तर, आगरा दक्षिण और कैंट की मतगणना गल्ला मंडी फिरोजाबाद रोड में होगी। फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट की पांच विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना मंडी समिति खेरागढ़ में होगी। पूर्वान्ह 11 बजे से रुझान आना शुरू हो जाएंगे। दोपहर तीन से चार बजे तक परिणाम आ जाएगा। एक प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि दो शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इस महीने के अंत तक प्रशिक्षण होगा।

### ड्रोन से भी ईवीएम की निगरानी

## डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने मंडी समिति की सुरक्षा का लिया जायजा



मंडी समिति में ईवीएम की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का डीसीपी सूरज राय ने जायजा लिया। उन्होंने बताया कि ईवीएम को 16 कमरों में रखा गया है। उनकी सुरक्षा को त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। पहले घेरे में केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बल के जवान, दूसरे में पीएसी जवान और तीसरे घेरे में पुलिस तैनात है। सभी 16 कमरे सीसीटीवी सर्विलांस की निगरानी में हैं। हर कमरे के सामने सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। इन कमरों पर कंट्रोल रूम से नजर रखी जा रही है। केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बल के जवानों और पीएसी के साथ प्रत्येक प्रत्याशियों के एजेंट भी सीसीटीवी के माध्यम से कमरों में बंद ईवीएम पर नजर रख सकेंगे। इसके साथ ही ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी ईवीएम को जिन कमरों में रखा गया है, उनकी निगरानी की जा रही है। मंडी परिसर में वाच टॉवर पर भी पुलिसकर्मी तैनात हैं।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए शहर की छह महिलाओं को किया सम्मानित

## आशियाना महिला समिति ने मनाया 14वां स्थापना दिवस

एनएनआई



**आगरा।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने को कई मंच आगे आ रहे हैं। इनमें से एक आशियाना महिला समिति भी महिलाओ के सर्वांगीण विकास के लिए कदम बढ़ा रही है। ये कहना था खंदारी स्थित होटल लेमन ट्री में आशियाना महिला समिति के 14वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि एयरफोर्स फेमलीस वेलफेयर एसोसिएशन (अफवा) की अध्यक्ष श्वेता गुप्ता का। कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकारों और योजनाओं पर चर्चा हुई। अध्यक्ष डॉ. सरोज प्रशांत ने बताया कि समिति का हर कदम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। ताकि वे समाज की मुख्य धारा में शामिल हो समाज की उन्नति में साथ दें। स्थापना दिवस पर शहर में अलग-अलग क्षेत्रों में कर कार्य रही प्रतिभाशाली महिलाओं को वूमेंस ऑफ इंस्पिरेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

मंजू मित्तल ने समिति की गत वर्ष की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। धन्यवाद प्रमिला चावला ने दिया। इस अवसर पर मनोज बल, अर्निमा भार्गव, वीना पोद्दार, माया श्रीवास्तव, रेखा अग्रवाल, सीमा शर्मा, मीरा गुप्ता, संगीता, मीरा बंसल, रश्मि, इंदु आदि मौजूद रहे।

**इन्हें किया सम्मानित**

आशियाना महिला समिति द्वारा महिलाओं का हौसला बढ़ाने के लिए आउटस्टैंडिंग कम्युनिटी चैंपियन कैटेगरी में सुभाषनी पालीवाल, एक्सेम्पलरी होलिस्टिक हेल्थ श्रेणी में पायल सेठ, एक्सेम्पलरी कुलिनरी आर्टिस्ट की लिस्ट में कोमिला सुनेजा, विशनरी एजुकेटर ऑफ टुमारो कैटेगरी में शिल्पी गुलाटी, इंस्पिरेशनल एजुकेटर कैटेगरी में साध्वी खन्ना और एक्सेम्पलरी हुमेंटेरियन डॉक्टर की श्रेणी में डॉ. सुरभि गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर अफवा की अध्यक्षा श्वेता गुप्ता ने सम्मानित किया।



# जनहित सेवा संस्थान ने लगाया रक्तदान शिविर

**आगरा** एनएनआई। जनहित सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा अमृत चैरिटेबल ब्लड केंद्र के तत्वावधान में प्रतापपुरा स्थित बोन हॉस्पिटल में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. डीवी शर्मा ने गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया। शंभू नाथ चौबे और डॉ. हेमेंद्र पाठक एड. ने माल्यार्पण किया। विशिष्ट अतिथि पुष्पेंद्र कुमार (प्रभारी साइबर क्राइम) द्वारा रक्तदान वीरों को सर्टिफिकेट और पानी की बोतल उपहार स्वरूप दी गई। डॉ. डीवी शर्मा ने कहाकि रक्तदान महादान है। सभी को रक्तदान करना चाहिए। सोनी त्रिपाठी ने बताया रक्तदान से तनाव कम होता है एक स्वस्थ हृदय और संवहन प्रणाली भी अच्छी होती है। इस दौरान संस्था महासचिव सोनी त्रिपाठी, किरन कुमार, पल्लवी पाठक, डॉ. श्वेता चतुर्वेदी, शिवम शुक्ला, अमृत चैरिटेबल ब्लड सेंटर के निदेशक मुनीश शर्मा, डॉ. समीर शर्मा, विवेक शर्मा, शिवम सारस्वत, हिरदेश शर्मा, अमित, सौरव लवानिया आदि मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन किरन कुमार द्वारा किया गया।

# श्री गोपाल कृष्ण को भक्तों ने दी श्रद्धांजलि



एनएनआई

## महाराजा अग्रसेन भवन में विरह उत्सव में कीर्तन संग आरती, फूल बंगला और छप्पन भोग भी लगाया

**आगरा।** इस्कॉन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज के श्री राधा श्यामसुन्दर की नित्य लीला में प्रवेश करने पर कमला नगर स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में श्रद्धांजलि सभा (विरह उत्सव) का आयोजन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर हरे राम हरे कृष्णा... कीर्तन संग फूल बंगला और छप्पन भोग सजाया गया। विधि विधान से आरती की गई। इस्कॉन आगरा के अध्यक्ष अरविन्द स्वरूप प्रभु ने कहा कि श्री गोपाल कृष्ण गोस्वामी आध्यात्मिक पिता थे। पूरी दुनियां में उनके शिष्य हैं। आज सभी दुखी हैं। भक्तों की सेवा और भगवान चैतन्य के मिशन पर चलते रहे। उनका संसार को छोड़कर चले जाना समाज के लिए बहुत बड़ी क्षति है। अरविन्द स्वरूप प्रभु ने कहा ऐसे संत को हम बारम्बार प्रणाम करते हैं। इस अवसर पर उनके उपदेशों को भक्तों को एलईडी स्क्रीन पर सुनाया गया। इस मौके पर शैलेन्द्र अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, कान्ता प्रसाद अग्रवाल, आशु मित्तल विनय अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, विकास अग्रवाल, शशांक प्रभु, हर्ष प्रभु, रमेश यादव, गौरव अग्रवाल, संजय कुकरैजा आदि मौजूद थे।



# मेट्रो ट्रैक गति में आई तेजी



एनएनआई

आगरा। लोकसभा चुनाव के चलते यूपीएमआरसी की टीम ने नेशनल हाईवे-19 के कार्य की धीमी गति को तेज कर दिया गया है। शहर में मेट्रो ट्रैक 30 किमी लंबा होगा। सिकंदरा तिराहा से टीडीआई मॉल तक 14 किमी लंबा होगा। इसमें साढ़े सात किमी अंडरग्राउंड और साढ़े छह किमी एलिवेटेड ट्रैक होगा। सिकंदरा तिराहा से खंदारी चौराहा तक तीन स्टेशन बनेंगे। इसमें सिकंदरा तिराहा, गुरु का ताल और खंदारी एलिवेटेड स्टेशन शामिल हैं। 312 करोड़ रुपए से सीगल कंपनी तीनों स्टेशन का निर्माण करेगी। यूपीएमआरसी की टीम आगरा कैंट स्टेशन से एमजी रोड होते हुए भगवान टाकीज चौराहा तक एलिवेटेड स्टेशन का काम चालू किया जा रहा है। इसकी शुरूआत मिट्टी के नमूने लेने और स्ट्रीट लाइट हटाने से होगी। सिकंदरा तिराहा सहित तीन मेट्रो के स्टेशनों पर काम चालू हो गया है। नेशनल हाईवे-19 पर यह 312 करोड़ रुपये से बनेंगे। जल्द ही स्ट्रीट लाइट को हटाया जाएगा। उक्त जानकारी यूपीएमआरसी के उप महाप्रबंधक पंचानन मिश्रा ने दी।







अतुल तिवारी, रेनु तिवारी, गौरी देवी, अनु तिवारी ने भी किया मतदान

## महिलाओं के लिए लगा कैंप

एनएनआई

आगरा। डॉ. बीआर अंबेडकर के एमएसडब्ल्यू के छात्रों ने डॉ. राजीव वर्मा के निर्देश में ग्राम सिकंदरपुर के माध्यमिक विद्यालय में बून फाउंडेशन के सहयोग से महिलाओं की निजी स्वच्छता को लेकर कैंप का आयोजन किया गया। ग्रामीण महिलाओं या लड़कियों को सैनिटरी पैड का वितरण भी किया गया। इस दौरान बून फाउंडेशन से दिव्या, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक व शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे। छात्रों में ममता, निशा, भारती, प्रीति, प्रिया, प्रियंका, पूनम, निखिल जादौन, निखिल यादव ने कैंप का आयोजन किया।



# बल्केश्वर में हुआ विहसंतसागर महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश





एनएनआई

आगरा। मेडिटेशन गुरू उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज और मुनिश्री विश्वसम्य सागर महाराज ने कर्मयोगी एंक्लेव कमलानगर स्थित श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से बैंड बाजों के साथ मंगल विहार कर चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मन्दिर गंगेगौरी बाग बल्केश्वर पहुंचे। जहां उनका पाद प्रक्षालन और मंगल आरती कर स्वागत किया गया। उपाध्याय संघ ने मन्दिर में प्रतिमाओं के दर्शन किए। इस दौरान भक्तों ने विहसंत सागर महाराज के समक्ष श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंगल प्रवचन देते हुए भक्तों को नवीन मंदिर के महत्व को समझाया। मीडिया प्रभारी शुभम जैन ने बताया कि समाधिस्थ सराकोद्धारक आचार्य ज्ञान सागर महाराज की प्रेरणा और उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज व मुनिश्री विश्वसम्य सागर महाराज के मंगल सानिध्य में बल्केश्वर में पहली बार श्री 1008 सर्वतोभद्र जिनालय का निर्माण होने जा रहा है। दस मई को अक्षय तृतीया पर न्यू आदर्श नगर के गंगेगौरी पार्क बलकेश्वर में भूमि शिलान्यास किया जाएगा। बड़ी संख्या में भक्त पंडित संदीप जैन शास्त्री के निर्देशन में भूमि शिलान्यास में शामिल होंगे। इस मौके पर रजत जैन, पंकज जैन, सचिन जैन, पारस जैन, अभिषेक जैन, राजेन्द्र जैन एडवोकेट, कमल जैन, राजकुमार जैन गुड्डू, सुरेश पांड्या, राजू गोधा, संजू गोधा आदि शामिल रहे।



Gmail newsnextindia1@gmail.com
न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र

# पुंछ हमले के संदिग्ध आतंकियों की सीसीटीवी तस्वीरें आईं सामने



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में 5 मई को भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमला करने वाले तीन संदिग्ध आतंकवादियों की सीसीटीवी क्लिप से निकाली गईं। तस्वीरें बुधवार को सोशल मीडिया पर छाई रहीं। पुंछ जिले के सुरनकोटे तहसील में दो वाहनों वाले वायुसेना के काफिले पर हमले में कॉर्पोरल विक्की पहाड़े नामक एक जवान शहीद हो गया, जबकि चार अन्य वायुसेना कर्मी घायल हो गए।

पुलिस ने पहले हमले के पीछे संदिग्ध दो आतंकवादियों के स्केच जारी किए। साथ ही उनकी गिरफ्तारी के लिए जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की। वहीं, इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि बुधवार को तस्वीरों में दिख रहे तीन आतंकवादी पुंछ आतंकी हमले के पीछे थे या सुरक्षाबलों ने तस्वीरें जारी कीं। हालांकि, शीर्ष सूत्रों ने बताया कि तस्वीरों में दिख रहे लोग वायुसेना के काफिले पर हमले के लिए जिम्मेदार थे। उन्होंने इस बात की पुष्टि या खंडन करने से इनकार कर दिया कि सुरक्षाबलों ने उन्हें रिहा किया है या नहीं।

गौरतलब है कि 5 मई की शाम भारतीय वायुसेना के दो वाहनों पर आतंकवादी हमले में एक जवान की मौत हो गई। इस घटना के बाद सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। कई लोगों को हिरासत में लिया गया। पुंछ की सुरनकोट तहसील के बकराबल (सनाई) इलाके में हुए आतंकी हमले में वायुसेना के कॉर्पोरल विक्की पहाड़े शहीद हो गए और 4 अन्य वायु योद्धा घायल हो गए।

खुफिया एजेंसियों का मानना है कि यह हमला लश्कर-ए-तैयबा के विदेशी आतंकवादी अबू हमजा के नेतृत्व में आतंकवादियों के एक समूह ने किया था। अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादियों ने एके असॉल्ट राइफलों के अलावा अमेरिका निर्मित एम4 कार्बाइन और स्टील की गोलियों का भी इस्तेमाल किया। चार घायल वायु योद्धाओं को हवाई मार्ग से उधमपुर के उत्तरी कमान अस्पताल ले जाया गया। हमले के मद्देनजर स्थानीय पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों सहित सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों का पता लगाने के लिए पुंछ के कई इलाकों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। सेना ने एक हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल कर हवाई निगरानी भी की और पैरा कमांडो को भी तलाशी अभियान में लगाया गया।

# यूपी का मौसम: पश्चिमी विक्षोभ ने गर्मी पर लगाया ब्रेक



**लखनऊ।** यूपी में मौसम थोड़ा बदल गया है। अप्रैल के दूसरे सप्ताह से शुरू हुई तीखी गर्मी के बाद बीते दो दिनों का मौसम राहत देने वाला है। बुधवार को करीब-करीब पूरे प्रदेश में लू से राहत रही। आने वाले दो दिनों में भी मौसम ऐसा रह सकता है।

प्रदेश के तराई बेल्ट, उत्तराखंड व नेपाल से सटे जिलों में पिछले 24 घंटों में हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मंगलवार व बुधवार को प्रदेश के पूर्वोत्तर हिस्सों में तेज हवाओं के साथ मध्यम से अच्छी बारिश दर्ज की गई। सिद्धार्थनगर के ककरही में चौबीस घंटे के दौरान 14 सेंटीमीटर बारिश दर्ज हुई। गोरखपुर, महराजगंज आदि जिलों के कुछ इलाकों में गरज के साथ ओले भी पड़े। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश के तराई बेल्ट, गोरखपुर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, बलरामपुर आदि इलाकों व रामपुर से सटे जिलों में अगले दो से तीन दिन तेज हवा और गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। हालांकि अगले दो से तीन दिनों में इन इलाकों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। जबकि पश्चिमी यूपी में आगे अधिकतम तापमान में क्रमिक वृद्धि देखने को मिलेगी।

मौसम बदलने का असर राजधानी लखनऊ में भी देखने को मिला। यहां सुबह की शुरूआत हल्की बारिश से हुई। दिन के तापमान में गिरावट हुई। ठंडी हवाएं चलने से शाम का मौसम सुहावना हो गया।

## चारधाम यात्रा कल से हो रही शुरू

# 22 लाख से अधिक लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन



**देहरादून।** चारधाम यात्रा कल से शुरू होने जा रही है। यमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को खुल जाएंगे। 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। चारधाम यात्रा के लिए बुधवार तक 22 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीयन करा चुके हैं। उधर, मंदिर समिति ने यात्रा के दौरान मोबाइल से रील न बनाने की अपील की है।

मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि चारधाम यात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि सरकार ने फिलहाल 25 मई तक सभी राज्यों से वीआईपी, वीवीआईपी को दर्शन के लिए न आने का अनुरोध किया है। समिति अध्यक्ष ने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे भक्तिभाव से दर्शन करने आएं, सोशल मीडिया की रील बनाने से बचें। मंदिर समिति भविष्य में मोबाइल को प्रतिबंधित करने पर भी विचार कर रही है। चारधाम यात्रा पंजीकरण का आंकड़ा बुधवार को 22 लाख पार हो गया। यमुनोत्री के लिए तीन लाख 44 हजार 150, गंगोत्री के लिए तीन लाख 91 हजार 812, केदारनाथ के लिए सात लाख 60 हजार 254, बदरीनाथ के लिए छह लाख 58 हजार 486 और हेमकुंड साहिब के लिए 45 हजार 959 पंजीकरण हो चुके हैं। बुधवार को दिनभर में 59 हजार 804 पंजीकरण दर्ज किए गए हैं।

हरिद्वार में चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण की अनिवार्यता यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन गई। ऑनलाइन पंजीकरण के जहां स्लॉट पूरी तरह भर चुके हैं वहीं ऑफ लाइन पंजीकरण की शुरूआत बुधवार से हुई। पहले ही दिन करीब पांच हजार की भीड़ जमा हो गई। इससे ऑफलाइन पंजीकरण की पूरी व्यवस्था धड़ाम हो गई।

# ब्रिटेन में चुनाव से पहले ऋषि सुनक को लगा एक और झटका

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को देश में होने वाले चुनाव से पहले एक और बड़ा झटका लगा है। उनकी कंजरवेटिव पार्टी से बुधवार को एक और सांसद ने दल-बदल किया। इससे अभी कुछ दिन पहले ही एक अन्य सांसद ने भी सुनक से खफा होकर पार्टी छोड़ दी थी। इस प्रकार पिछले 15 दिनों में पार्टी के दूसरे सांसद ने सुनक को झटका दिया और कहा कि टोरी अब अक्षमता और विभाजन का पर्याय बन गए हैं। बता दें कि ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी को टोरी नाम से भी जाना जाता है। डोवर से सांसद नताली एलफिस्के ने लेबर पार्टी में शामिल होने के लिए कंजरवेटिव पार्टी छोड़ते हुए, सुनक पर वादे तोड़ने और मुख्य वादे भूलने का आरोप लगाया है। सुनक(43) की पार्टी में पिछले दो हफ्तों में यह दूसरा दल-बदल है। अप्रैल के अंत में कंजरवेटिव सांसद डैन पोल्टर ने पार्टी से नाता तोड़कर लेबर पार्टी में शामिल होने की घोषणा की थी। कुछ दिन पहले तक लेबर पार्टी की कटु आलोचक रहीं एलफिस्के ने अपने इस्तीफे में कहा, जब मैं 2019 में चुनी गई, कंजरवेटिव पार्टी ब्रिटेन की राजनीति के केंद्र में थी। पार्टी हमारे देश को आगे ले जाने के लिए भविष्य का निर्माण कर रही थी और अवसर सृजित कर रही थी।

# भारत से तनाव के बीच नई दिल्ली आए मालदीव के विदेश मंत्री



**नई दिल्ली।** भारत से चल रहे तनाव के बीच मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर अपनी पहली विदेश यात्रा पर नई दिल्ली आए हैं। राजधानी दिल्ली पहुंचते ही मूसा जमीर ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि मैं भारत की अपनी पहली द्विपक्षीय आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली आया हूं। मैं भारत के साथ उत्पादात्मक बातचीत के साथ दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने और भारतीय संस्कृति का जीवंत अनुभव करने के लिए उत्सुक हूं। मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने मालदीव से उड़ान भरने के पहले भी एक पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने लिखा था कि मैं अपनी पहली द्विपक्षीय आधिकारिक यात्रा पर भारत के लिए प्रस्थान कर रहा हूं। इस दौरान मैं भारत और मालदीव के परस्पर लाभ के लिए अपने समकक्ष और भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से मिलने को उत्सुक हूं। हम अपनी यात्रा के दौरान भारत के साथ सहयोग को गहरा करने और इसे बढ़ाने पर चर्चा करेंगे।

# सौर ऊर्जा उत्पादन में तीसरे स्थान पर पहुंचा भारत



**नई दिल्ली।** भारत 2023 में जापान को पीछे छोड़कर दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में काम कर रहे शोध संस्थान एंबर की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। भारत 2015 में सौर ऊर्जा के उपयोग के मामले में नौवें स्थान पर था। भारत पिछले कुछ सालों से सौर ऊर्जा के इस्तेमाल पर काफी जोर दे रहा है और यह कामयाबी इसी का परिणाम है।

एंबर ने ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2023 में वैश्विक बिजली उत्पादन का 5.5 प्रतिशत सौर ऊर्जा के रूप में हुआ। वैश्विक ट्रेंड के अनुरूप भारत ने पिछले साल कुल बिजली उत्पादन का 5.8 प्रतिशत सौर ऊर्जा से हासिल किया। पवन और सौर ऊर्जा में उल्लेखनीय वृद्धि ने वैश्विक बिजली मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी को 30 फीसदी से अधिक और पूर्ण स्वच्छ उत्पादन (परमाणु समेत) को लगभग 40 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है। परिणामस्वरूप, दुनिया की बिजली की कार्बन तीव्रता एक नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई, जो 2007 में अपने चरम से 12 प्रतिशत कम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन की वृद्धि और भी अधिक हो सकती थी लेकिन चीन और दुनिया के अन्य हिस्सों में सूखे के बीच जलविद्युत उत्पादन पांच साल के निचले स्तर पर पहुंच गया। भारत दुनिया में सबसे सस्ता सौर ऊर्जा उत्पादन करने वाला देश है जबकि सबसे महंगा सौर ऊर्जा उत्पादन करने वाला देश कनाडा है।

भारत में 2023 में सौर ऊर्जा उत्पादन में जो वृद्धि है, वह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वृद्धि थी। भारत इस मामले में चीन, अमेरिका और ब्राजील से पीछे रहा। इन चारों देशों की सौर ऊर्जा वृद्धि में हिस्सेदारी 2023 में 75 प्रतिशत रही। चीन (+156 टेरावाट घंटा या टीडब्ल्यूएच), संयुक्त राज्य अमेरिका (+33 टीडब्ल्यूएच), ब्राजील (+22 टीडब्ल्यूएच) के बाद भारत ने अपनी क्षमता में 18 टेरावाट घंटे जोड़े। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में वैश्विक सौर उत्पादन 2015 की तुलना में छह गुना अधिक था जबकि भारत में यह 11 फीसदी से अधिक रहा। भारत में बिजली उत्पादन में सौर ऊर्जा का योगदान 2015 में 0.5 प्रतिशत था जो 2023 में बढ़कर 5.8 प्रतिशत हो गया।

## संपादकीय

# सवाल परंपरा का

रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी से केएल शर्मा को प्रत्याशी बनाने का फैसला करने में कांग्रेस ने काफी देर लगाई। इस देरी को लेकर तरह-तरह की कयासबाजी होती रही। लेकिन राजनीति में विलंब का भी अपना शास्त्र होता है। यह दावे से नहीं कहा जा सकता कि कांग्रेस नेतृत्व या गांधी परिवार के फैसले में हुई देर के पीछे अनिश्चय या असमंजस की ही भूमिका थी। राहुल गांधी के रायबरेली और किशोरी लाल शर्मा के अमेठी से चुनाव लड़ने को मास्टरस्ट्रोक बताया जा रहा है।सोनिया गांधी के राज्यसभा का रुख करने के बाद राहुल गांधी के रायबरेली सीट को चुनने और प्रियंका के चुनाव में खड़ा न होने के फैसले पर भी कई तरह से टीका-टिप्पणी की जा सकती है। भाजपा के कुछ नेता इसे राहुल का अमेठी से भागना बताने भी लगे हैं। हालांकि प्रत्याशी कोई भी हो, ये दोनों सीटें गांधी परिवार की प्रतिष्ठा से जुड़ी हैं। इन सीटों पर जीत-हार को गांधी परिवार की जीत-हार के ही रूप में देखा जाएगा। ये दोनों सीटें न सिर्फ लंबे समय से कांग्रेस का गढ़ रही हैं बल्कि गांधी परिवार का पसंदीदा अखाड़ा मानी जाती रही हैं। हालांकि, अतीत में एकाधिक मौकों पर इन सीटों की नुमाइंदगी गांधी परिवार से बाहर के व्यक्ति के हाथों में भी गई है, लेकिन इन सीटों को गांधी परिवार के चुनाव क्षेत्र के ही रूप में देखा जाता रहा है। ऐसे में 2019 लोकसभा चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी की हार और इस बार सोनिया गांधी के लोकसभा चुनाव से बाहर रहने की वजह से कांग्रेस में इन दोनों सीटों पर शून्य बन गया था, जिसे भरे जाने की जरूरत शिद्दत से महसूस की जा रही थी। इंदिरा गांधी 1977 में रायबरेली सीट से चुनाव हार गई थीं और चिकमंगलूर से उपचुनाव जीत कर सांसद बनी थीं। लेकिन 1980 में जब मध्यावधि चुनाव हुए तो आंध्र प्रदेश की मेडक सीट के साथ साथ वे रायबरेली सीट से भी लड़ी थीं। जीतने के बाद उन्होंने रायबरेली सीट खाली की, जहां से परिवार के सदस्य अरुण नेहरू चुनाव लड़ कर जीते। इसी तरह संजय गांधी 1977 में अमेठी सीट से चुनाव हार गए थे। लेकिन 1980 में वे फिर उसी सीट से लड़े और जीते। 1981 में उनके निधन से अमेठी सीट खाली हुई तो वहां से राजीव गांधी चुनाव लड़े और जीते। ऑफिस ऑफ प्रोफिट के मामले में 2006 में सोनिया गांधी ने रायबरेली सीट से इस्तीफा दिया तो फिर रायबरेली ही से चुनाव लड़ कर जीतीं।रायबरेली की बात है तो सोनिया गांधी ने 2014 में भाजपा के अशोक अग्रवाल को तीन लाख 53 हजार वोट से हराया था, लेकिन 2019 में जब दिनेश प्रताप सिंह लड़े तो सोनिया की जीत का अंतर आधा हो गया। वे एक लाख 70 हजार के करीब वोट से जीतीं। इस बार भी दिनेश प्रताप ही भाजपा की टिकट से लड़ रहे हैं और लड़ाई आसान नहीं होने वाली है। कहा जा रहा है कि गांधी परिवार उत्तर प्रदेश को नहीं छोड़ सकता है। यह भी कहा जा रहा है कि कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में अपने पैरों पर खड़ा करना है और अमेठी व रायबरेली ही गेटवे हैं इसलिए राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं।जैसा पहले कहा जा रहा था कि प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली और राहुल अमेठी लड़ेंगे, वैसा होता तो भाजपा को दोनों सीटों पर बड़ी ताकत लगानी होती। यह चुनाव सारी ताकत और सारे संसाधन झोंकने का है। अगर राहुल अमेठी और प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली लड़तीं तो इसका असर आसपास की अनेक सीटों पर पड़ता और देश के सबसे बड़े प्रदेश का राजनीतिक नैरेटिव प्रभावित होता। यह सिर्फ कहने की बात नहीं होनी चाहिए कि चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का है, आचरण में भी इसे लेकर प्रतिबद्धता दिखनी चाहिए। इन दोनों सीटों को लेकर कांग्रेस ने जो सस्पेंस बनाया था, जो हाइप क्रिएट की थी उसका क्लाइमेक्स खत्म हो गया है। बहरहाल, राहुल को रायबरेली सीट से प्रत्याशी बनाकर कांग्रेस ने संकेत दिया है कि साउथ के राज्यों से विशेष उम्मीदें रखते हुए भी उसने नॉर्थ और खासकर यूपी में अपनी दिलचस्पी कम नहीं होने दी है। भले राज्य में कांग्रेस का संगठनात्मक आधार हाल के वर्षों में काफी कमजोर हो गया हो, यह राजनीतिक संदेश काफी मायने रखता है। पिछले कुछ दिनों से इन सीटों के संभावित उम्मीदवारों को लेकर जैसी गहन चर्चा चल रही थी, उससे साफ है कि यह सिर्फ दो सीटों का मामला नहीं रह गया था।



# अक्षय तृतीया: जानें पूजन का शुभ मुहूर्त



शिल्पा जैन एस्ट्रोलॉजर



सर्व मंगल की ओर से आप सभी को अक्षय तृतीया की बहुत-बहुत बधाई। अक्षय शब्द अपने आप में एक वृहद शब्द है जिसका कभी भी क्षय नहीं होता उसे अक्षय कहा जाता है। यह एक संस्कार जगाने वाला पर्व है। आखातीज की तिथि कभी घटती बढ़ती नहीं है इसीलिए इसे अक्षय तिथि कहते हैं । वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीय या आखातीज मनाया जाता है। इस साल 2024 में आखातीज 10 मई शुक्रवार के दिन पड़ रहा है। तृतीया तिथि की शुरूआत 10 मई शुक्रवार 4.17 से 11 मई को रात 2:50 तक रहेगा। शास्त्रों के अनुसार यह दिन का विशेष महत्व है। ऐसा माना गया है कि आज ही के दिन से सतयुग का आरंभ हुआ था एवं आज का परशुराम जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। मान्यता है कि आज के दिन बिना मुहूर्त के सभी शुभ काम किया जा सकता है क्योंकि यह एक अबूझ मुहूर्त है। आज के दिन गृहप्रवेश वाहन की खरीदारी, नए वस्त्र की खरीदारी सोने चांदी के आभूषण की खरीदारी के लिए उपयुक्त माना गया है। इस दिन किए गए कार्यों का अनंत गुना फल प्राप्त होता है। 2024 10 मई शुक्रवार को अक्षय तृतीया पड रहा है जो कि विशेष दिन है। अक्षय तृतीया का पूजन मुहूर्त 10 मई को सुबह 5:33 से लेकर दोपहर 12:18 तक रहेगा। इस दिन सूर्य मेषराशि में गोचर करेंगे जिस कारण सूर्य और बुध के सहयोग से सूर्य बुध आदित्य योग का निर्माण होगा वहीं चंद्रमा वृष राशि में गोचर करेंगे जो धन वैभव समृद्धि के लिए शुभ माना जाता है। अक्षय तृतीया की शाम चंद्रमा मिथुन राशि में प्रवेश करने वाले हैं जिससे धन योग बनेगा और सुकर्मा और धृति योग का भी निर्माण आज के दिन हो रहा है। इस साल अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है। आज के दिन सभी शुभ कार्य धन निवेश, नया व्यवसाय की शुरूआत करना लाभप्रद होता है ।आज के दिन सोने या चांदी से बनी मां लक्ष्मी जी की चरण पादुका खरीदें श्री यंत्र खरीदें कौड़ी की भी खरीदारी आज के दिन लाभप्रद होती है। एकाक्षी नारियल, मोती शंख या दक्षिणावर्त शंख एवं विभिन्न प्रकार की पिरामिड आप अपने घर पर ला सकते हैं एवं उसकी पूजा करें। यह एक बेहद शुभ तिथि है पूजा दान तप का अनंत गुनगुना प्राप्त होता है। आज के दिन समुद्र गंगा स्नान करना चाहिए प्रातः पंखा चावल नमक घी शक्कर सांग इमली फल तथा वस्त्र का दान करके ब्राह्मणों को दक्षिणा देनी चाहिए ब्राह्मणों को भोजन करना चाहिए किस दिन सत्तू का अवश्य सेवन करना चाहिए। अक्षय तृतीया के दिन भवन से जुड़ा हुआ कामना करें गलती से भी तुलसी के पत्ते को ना तोड़े तामसिक भोजन करने से बचे।आज के दिन मां लक्ष्मी एवं भगवान विष्णु की पूजा जी की जाती है। पूजा में पीला पुष्प अवश्य चढ़ाएं एवं मां को खीर का भोग लगाएं ।

आज के दिन अपने सोने के आभूषण की पूजा अवश्य करें। आभूषण को पहले कच्चे दूध से धोकर केसर और हल्दी से उसकी पूजा करें ।मां लक्ष्मी को भी हल्दी और केसर का टीका लगाएं और खुद भी स्वयं मस्तक में हल्दी और केसर का तिलक लगाएं। अपनी तिजोरी की पूजा करें एवं अपनी तिजोरी में एवं मां को सफेद या पीला गुलाब अवश्य करें । आज के दिन मां लक्ष्मी के मंत्रों का जाप करें। कनकधारा स्त्रोत का पाठ करें , श्री सूक्त का पाठ भी लाभकारी होता है । अपने मुख्य द्वार एवं तिजोरी में हल्दी या केसर से स्वास्तिक का चिन्ह अवश्य बनाएं क्योंकि आज के दिन सूर्य अपनी उच्च राशि में रहेंगे अतः आज सूर्य भगवान की उपासना अवश्य करें।

## राशि के अनुसार करें खरीदारी

- मेष राशि के जातक आज के दिन सोना खरीदें इसके अलावा तांबे का बर्तन खरीद सकते हैं
- वृष राशि वाले सोना चांदी खरीदे
- मिथुन राशि वाले धन संपत्ति में वृद्धि के लिए चांदी से बनी चीज खरीद सकते हैं
- कर्क राशि वाले सोना चांदी दोनों खरीदे साथ ही शिवजी को जलाभिषेक करें
- सिंह राशि के जातक सोने का पात्र खरीद सकते हैं
- कन्या राशि वाले चांदी का सामान और ईत्र खरीदें
- तुला राशि के जातक चांदी के जेवर या गिलास खरीदे
- वृश्चिक राशि वाले सोने से बनी ज्वेलरी खरीद सकते हैं
- धनु राशि वाले सोने की ज्वेलरी खरीदें
- मकर राशि वाले चांदी हीरा या वहां की खरीदारी कर सकते हैं
- कुंभ राशि वाले चांदी की खरीदारी करें
- मीन राशि के जातक सोना किताब या कलम खरीद सकते हैं

## दान अवश्य करें

आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ या श्रवण करें एवं सूर्य भगवान को अर्घ्य और सूर्य के 12 नामों का स्मरण करें। सूर्य से अभिमंत्रित जल का अपने घर में छिड़काव अवश्य करें। इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। जैन धर्म में भी अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है। आज ही के दिन इनके प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान की वर्षी तप का पारणा श्रेयांश कुमार द्वारा इक्षु यानी गन्ने के रस से हुआ था। भगवान ऋषभदेव का तप और और श्रेयांश कुमार द्वारा दिया गया दान का अद्भुत संगम आज ही के दिन हुआ था इसीलिए आज के दिन जैन श्रावक साधु साध्वी अपने वर्षी तप का पारणा करते हैं। आज के दिन किया गया दान इस लोक और परलोक में अनंत गुना पुण्य की प्राप्ति कराता है।जैन धर्म में आज के दिन दान तीर्थ की स्थापना हुई थी। इस प्रकार यह दिन अनेक प्रकार की विशेषताओं को लिए हुए आता है । अतः आज के दिन जप तप दान अवश्य करें एवं अपने जीवन और आगामी जीवन को, आगामी जन्म को सफल बनाएं।



उदयप्रताप सिंह

## काँटे तो काँटे होते हैं उनके चुभने का क्या रोना

काँटे तो काँटे होते हैं उनके चुभने का क्या रोना।
मुझको तो अखरा करता है फूलों का काँटों-सा होना।
युग-युग तक उनकी मिट्टी से फूलों की खुशबू आती है जिनका जीवन ध्येय रहा है कांटे चुनना कलियाँ बोना।
बदनामी के पर होते हैं अपने आप उड़ा करती है
मेरे अश्रु बहें बह जाएँ तुम अपना दामन न भिगोना।
दुनिया वालों की महफि ल में पहली पंक्ति उन्हें मिलती है जिनको आता है अवसर पर छुपकर हँसना बन कर रोना ।
वाणी के नभ में दिनकर-सा 'उदय' नहीं तू हो सकता है अगर नहीं तूने सीखा है नित घावों में कलम डुबोना ।




# माधुरी दीक्षित के साथ रोमांटिक हुए डॉ नेने



बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित इंडस्ट्री की एवरग्रीन दीवा हैं। 56 साल की उम्र में भी माधुरी की खूबसूरती और ग्लैमरस बरकरार है। एक्ट्रेस इन दिनों टीवी शोज में जज बनकर छोटे पर्दे की शोभा बढ़ा रही हैं। माधुरी डांस रियलिटी शो डांस दीवाने सीजन 4 की जज हैं। शो में इस बार माधुरी दीक्षित के लिए एक खास सरप्राइज प्लान किया गया था। टीवी पर पहली बार एक्ट्रेस के पति श्रीराम नेने मेहमान बनकर आए थे। उन्होंने शो में आकर माधुरी को सरप्राइज दिया और दोनों के केमिस्ट्री देखने लायक थी। शो का एक प्रोमो रिलीज किया गया है। इसमें शो की होस्ट कॉमेडियन भारती सिंह श्रीराम नेने का स्टेज पर जोरदार वेलकम करती नजर आ रही हैं। शो के प्रोमो क्लिप में होस्ट भारती सिंह मंच पर श्रीराम नेने का स्वागत करती नजर आती है। डॉ नेने अपने पेट डॉगी कामेलो के साथ आते हैं। माधुरी दोनों को देखकर खुशी से झूम उठती हैं। शो में आकर श्रीराम नेने सभी से मिलते हैं। वो शो के जज सुनील शेट्टी से गले मिलते हैं। फिर माधुरी को हनी कहकर बुलाते हैं और अचानक चूम लेते हैं। डॉ नेने जैसे ही माधुरी को किस करते हैं वो हैरान होकर कहती हैं, 'ओएमजी' यह सबसे बड़ा सरप्राइज है! स्टेज पर फिर माधुरी और डॉ श्रीराम नेने का एक रोमांटिक डांस नंबर फिल्माया गया है। दोनों साथ में 'तुमसे मिलके' गाने पर रोमांटिक कपल डांस करते नजर आते हैं। इस पूरे परफॉर्मेंस में माधुरी काफी खुश नजर आती हैं। साथ ही दोनों की केमिस्ट्री देख सभी लोग दिल थाम के बैठे रहते हैं। ऐसा पहली बार है जब डॉ नेने ने माधुरी के साथ पब्लिक के सामने रोमंटिक पल साझा किए हैं। वो अक्सर पैपराजी से दूर और शमार्ते हुए नजर आते हैं। माधुरी की फैमिली खासतौर पर उनके पति और बच्चे लाइम-लाइट से दूर ही रहते हैं। बता दें कि, माधुरी दीक्षित के अपकमिंग बर्थडे के लिए डांस दीवाने 4 में ये सब तैयारियां की जा रही हैं। 15 मई को धक-धक गर्ल माधुरी 57 साल की होने जा रही हैं। ऐसे में उनके लिए शो में स्पेशल एपिसोड टेलिकास्ट किया जाएगा।

## 28 दिनों बाद भी मैदान का बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन जारी



अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' को सिनेमाघरों में लगे हुए 28 दिन पूरे हो चुके हैं। शैतान की तरह अजय देवगन की इस साल रिलीज हुई दूसरी फिल्म 'मैदान' ने भी सिनेमाघरों में अपनी पकड़ मजबूत बनाकर रखी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर 'शैतान' की तरह वह दमदार बिजनेस करने में नाकामयाब रही। 10 अप्रैल को ईद के मौके पर रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां से टक्कर ली थी। शुरूआत में जहां 'मैदान' बॉक्स ऑफिस पर धीरे-धीरे चल रही थी, तो वहीं दूसरे और तीसरे वीकेंड पर अजय देवगन की फिल्म ने अक्षय को धोबी पछाड़ दिया था। हालांकि, अब खुद अजय देवगन की फिल्म की कमाई घटने लगी है। रिलीज के चौथे बुधवार को फिल्म एक बार फिर लाखों में आ लुढ़की है। अजय देवगन और प्रियामणि स्टारर फिल्म 'मैदान' का लास्ट वीकेंड जिस तरह से घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन हुआ था, उसे देखते हुए यही लग रहा था कि एक बार फिर से मूवी की कमाई ट्रैक पर लौट आई है।

# टिफनी के मुंबई स्टोर लॉन्च पर सफेद साटन और हाई हील्स में नजर आए रणवीर सिंह

रणवीर सिंह मुंबई में सॉलिटेयर दिग्गज टिफनी एंड कंपनी के स्टोर लॉन्च के मौके पर पहुंचे, जहां वह हमेशा की तरह स्टाइलिश दिख रहे थे। वह एक सफेद साटन पोशाक, एक हीरे का हार, नेवी ब्लू धूप का चश्मा और ऊँची एड़ी के जूते पहनने गए - इस प्रक्रिया में लैंगिक रूढ़िवादिता को तोड़ते हुए, बुधवार शाम को रणवीर ने टिफनी कार्यक्रम में भाग लिया और पापराजी के लिए पोज दिया। उन्होंने पूरी तरह सफेद पोशाक पहनी थी, जिसमें एक शर्ट, पतलून और एक साटन बेल्ट शामिल थी। उन्होंने सफेद रंग को नेवी ब्लू धूप का चश्मा, एक हीरे का हार और ऊँची एड़ी के पसंदीदा आभूषणों के साथ जोड़ा। ह्लव्यक्तिगत, भावनात्मक मूल्य से जुड़े आभूषण मेरे पसंदीदा, सबसे प्रिय टुकड़े हैं। मेरे पास मौजूद अंगूठियों में से एक यह है (अपनी शादी की अंगूठी दिखाते हुए)। यह मेरी पत्नी (दीपिका पादुकोन) द्वारा दी गई मेरी शादी की अंगूठी है। दूसरी प्लैटिनम सगाई की अंगूठी है। और फिर हां, मेरी मां की हीरे की बालियां और मेरी दादी के मोती," उन्होंने कहा। पुरुष प्राचीन काल से ही आभूषणों से स्वयं को सजाते रहे हैं। यह कुछ ऐसा है जो आप अपने लिए करते हैं। खुद को सजाना आत्म प्रेम का एक रूप है, उन्होंने दावा करते हुए कहा कि आभूषण श्किसी व्यक्ति का विराम चिह्नश है। ह्लजब मैंने अपनी किशोरावस्था में प्रवेश किया, तो मैं अपनी शैली के साथ और अधिक अभिव्यंजक हो गई, मैं बहुत सारे जंक आभूषण, बहुत सारी चांदी पहनती थी। आभूषणों के साथ मेरी व्यक्तिगत यात्रा भी समय के साथ विकसित हुई है। जब आप इसे पहनें, तो इससे आपको अच्छा महसूस होना चाहिए। और यह वास्तव में अंतिम बात है," उन्होंने कहा।

रणवीर सिंह ने पिछले साल न्यूयॉर्क में टिफनी एंड कंपनी के इवेंट में सफेद सूट पहनकर धमाल मचाया था।

उन्होंने प्लंजिंग नेकलाइन वाला सफेद सूट चुना। उन्होंने लेयर्ड नेकपीस और ब्लैक शेड्स पहन रखा था। उन्होंने अपने सफेद सूट को भी कीमती गहनों से सजाया था। इवेंट में, रणवीर के साथ अभिनेता जाहिरा मैकविल्सन, मैरियन काउंटर, एनबीए चैंपियन ड्वेन वेड और अभिनेता गैब्रिएल यूनियन शामिल थे। अभिनय की बात करें, तो रणवीर अगली बार डॉन 3 में दिखाई देंगे, जिसका निर्देशन फरहान अख्तर ने किया है और उनकी सह-कलाकार कियारा आडवाणी हैं।



# सैम पित्रोदा की नस्लवादी टिप्पणी पर भड़की अभिनेत्री प्रणिता सुभाष

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने द स्टेट्समैन के साथ एक साक्षात्कार में अपनी हालिया टिप्पणियों से विवाद खड़ा कर दिया है। भारत की विविधतापूर्ण प्रकृति के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'पूर्व में लोग चीनियों जैसे दिखते हैं, पश्चिम में लोग अरबों जैसे दिखते हैं, उत्तर में लोग शायद गोरे जैसे दिखते हैं और दक्षिण में लोग अफ्रीकियों जैसे दिखते हैं।'सैम की नस्लवादी टिप्पणी की नेटिजन्स ने तीखी आलोचना की, जिसमें कन्नड़ फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री प्रणिता सुभाष भी शामिल थीं। उन्होंने पित्रोदा की टिप्पणी को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के ट्वीट पर अपने एक्स अकाउंट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, श्मैं एक दक्षिण भारतीय हूं! और मैं भारतीय दिखती हूं #सैम पित्रोदा। तमिलनाडु की रहने वाली निर्मला सीतारमण ने कहा, मैं दक्षिण भारत से हूं। मैं भारतीय दिखती हूं! मेरी टीम में पूर्वोत्तर भारत के उत्साही सदस्य हैं। वे भारतीय दिखते हैं! पश्चिम भारत के मेरे सहकर्मी भारतीय दिखते हैं! लेकिन, जो नस्लवादी है राहुल गांधी के गुरु, हम सभी अफ्रीकी, चीनी, अरब और श्वेत दिखते हैं, आपकी मानसिकता और दृष्टिकोण प्रकट करने के लिए धन्यवाद!''इस बीच, प्रणिता ने हंगामा 2 से बॉलीवुड में डेब्यू किया। उनकी आखिरी हिंदी फिल्म अजय देवगन के साथ भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया थी।काम के मोर्चे पर, प्रणिता को आखिरी बार मलयालम फिल्म थंकामणि में देखा गया था, जो मार्च 2024 में रिलीज हुई थी।



## सिद्धार्थ मल्होत्रा धूप में पसीना बहाते हैं

अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने बुधवार को सोशल मीडिया पर अपनी वर्कआउट तस्वीर साझा करते हुए अपने प्रशंसकों को प्रमुख फिटनेस लक्ष्य देते हुए कहा, 'अपनी सीमाएं बढ़ाओ'। अभिनेता, जिन्हें आखिरी बार एक्शन थ्रिलर 'योद्धा' में देखा गया था, ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की, जहां उनके 30 मिलियन फॉलोअर्स हैं, और उन्होंने काली स्लीवलेस टी-शर्ट और मैचिंग शॉर्ट्स में बाहर धूप में पसीना बहाते हुए वर्कआउट करने की एक तस्वीर साझा की। . एक प्रशंसक ने टिप्पणी की, 'आप मुझे वर्कआउट करने के लिए प्रेरित करते हैं,' जबकि दूसरे ने कहा, 'आप प्रेरणादायक हैं।' एक प्रशंसक ने लिखा, 'ओल्ड सिडी वापस आ गया है।' दूसरे ने लिखा, 'इसे मार रहा हूं और कैसे।' काम के मोर्चे पर, सिद्धार्थ ने 'योद्धा' में एक सैनिक की भूमिका निभाई, जिसमें राशि खन्ना और दिशा पटानी भी हैं।

# ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने पिता के साथ मनाया 31वां जन्मदिन



हैदराबाद। ऑस्ट्रेलियाई और सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने बुधवार को अपने पिता के साथ अपना 31वां जन्मदिन मनाया। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट सुपरस्टार, जो एक भयंकर प्रतिस्पर्धी है और जिसने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया को एकदिवसीय विश्व कप और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप खिताब दिलाया था, ने आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी जीता है।एसआरएच के आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल ने कमिंस की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उनका चेहरा जन्मदिन के केक से सना हुआ था, और अपने पिता पीटर के साथ अपना जन्मदिन मना रहे थे। एसआरएच ने ट्वीट किया, स्वास्थ्य स्तर के पिता जन्मदिन की मौज-मस्ती में शामिल हुए। 2011 में किशोरावस्था में ऑस्ट्रेलिया के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से, कमिंस ने 62 टेस्ट मैचों में प्रतिष्ठित बैगी ग्रीन कैप पहनी है। इनमें उन्होंने 22.53 की औसत से 269 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 6/23 का है। वह सबसे लंबे प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के लिए 10वें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।उनके नाम इस प्रारूप में 12 बार पांच विकेट और दो बार दस विकेट लेने का कारनामा है। वह एक सक्षम निचले क्रम के बल्लेबाज भी हैं, जिन्होंने अपने शॉट-मेकिंग और शांति से ऑस्ट्रेलिया को कई गेम जिताए हैं। उन्होंने 62 टेस्ट और 89 पारियों में 17.03 की औसत से तीन अर्धशतकों के साथ 1,295 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 64* है.आंकड़े वास्तव में कमिंस की दबाव सहने और अपने बल्ले से एक छोर को स्थिर रखने की अपार क्षमता के साथ न्याय नहीं करते हैं।88 एकदिवसीय मैचों में, कमिंस ने 28.66 की औसत से 141 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 5/70 है। उन्होंने वनडे में छह बार चार विकेट और एक बार पांच विकेट लिए हैं। वह ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए वनडे में 13वें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 13.66 की औसत से 492 रन भी बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 37 है। 52 टी20कमें, कमिंस ने 24.77 की औसत से 57 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 3/15 है। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए इस प्रारूप में चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।उन्होंने 24 पारियों में 11.07 की औसत से 144 रन भी बनाए हैं, जिसमें 28 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। कमिंस ने 2015 और 2023 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहते हुए ऑस्ट्रेलिया के साथ कई आईसीसी खिताब जीते हैं। 2023 विश्व कप की जीत ऑस्ट्रेलिया के लिए एक यादगार जीत है क्योंकि उन्होंने अजेय भारत को हराया था, जो 10 मैचों की लगातार जीत के साथ फाइनल में पहुंचा था। यह मैच पिछले साल नवंबर में अहमदाबाद में खेला गया था. 31 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल फाइनल में भारत को हराकर ऑस्ट्रेलिया के लिए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप गदा भी हासिल की है। वह 2021 में क्ळउ ळ20 विश्व कप विजेता टीम का भी हिस्सा थे।साल 2023 कमिंस के लिए अविश्वसनीय रहा. हालाँकि उन्होंने वर्ष की शुरूआत व्यक्तिगत क्षति, अपनी माँ की मृत्यु के साथ की, फिर भी उन्होंने यूके में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज बरकरार रखी। वह नंबर एक टेस्ट गेंदबाज भी थे. उन्हें आईपीएल में एसआरएच द्वारा 20.50 करोड़ रुपये में लाया गया, जो लीग के इतिहास में दूसरा सबसे महंगा खिलाड़ी बन गया।कमिंस ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में बॉक्सिंग डे टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ पांच विकेट लेने और 'आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार जीतने के साथ वर्ष का समापन किया।

# सनराइजर्स ने सुपर जायंट्स को दी करारी शिकस्त



**आईपीएल इतिहास में पावरप्ले में हाइएस्ट स्कोर**


125/0 – हैदराबाद / दिल्ली कैपिटल्स, 2024
107/0 – हैदराबाद / लखनऊ, 2024
105/0 – कोलकाता / बेंगलुरु, 2017
100/2 – चेन्नई / पंजाब किंग्स, 2014
93/1 – पंजाब किंग्स / कोलकाता 2024

**सबसे कम गेंदों में 100+ रनों की पार्टनरशिप (आईपीएल)**

30 बॉल – ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा / दिल्ली 2024
34 बॉल – ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा / लखनऊ 2024 *
36 बॉल – हरभजन सिंह और जे सुचित / पंजाब 2015
36 बॉल – क्रिस लिन और सुनील नरेन / बेंगलुरु 2017

पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने एक बार इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में रिकॉर्ड्स की झड़ी लगाते हुए दमदार जीत दर्ज की है। बुधवार (8 मई) को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेले गए मैच को हैदराबाद ने 10 विकेट से जीत लिया। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए लखनऊ टीम ने 166 रनों का टारगेट सेट किया। जवाब में हैदराबाद ने बगैर विकेट गंवाए 9।4 ओवरों में ही चेज कर मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के हीरो ओपनर ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा रहे, जिन्होंने ताबड़तोड़ अंदाज में फिफ्टी जमाई। सबसे पहले ट्रेविस हेड ने 16 गेंदों पर फिफ्टी जमाई। इसके बाद अभिषेक ने 19 गेंदों पर अर्धशतक जड़ दिया। दोनों ने 58 गेंदों पर नाबाद 167 रनों की पार्टनरशिप की। दूसरी ओर लखनऊ टीम का कोई भी गेंदबाज विकेट तो दूर की बात है, हेड और अभिषेक पर अंकुश भी नहीं लगा सका। 62 गेंद बाकी रहते हुए इस मैच को जीतने के साथ ही हैदराबाद टीम का नेट रनरेट प्लस में 0।406 हो गया है। इसी के साथ यह टीम अब चौथे नंबर से तीसरे पायदान पर आ गई है। उसने अब 12 मुकाबलों में से 7 में जीत दर्ज की है। दूसरी ओर लखनऊ ने 12 में से 6 मैच ही जीते हैं। वो अभी छठे नंबर पर बरकरार है। हेड और अभिषेक की इस ताबड़तोड़ पारी के बाद रिकॉर्ड्स की झड़ी सी लग गई है। क्ढछ इतिहास में पहली बार शुरूआती 10 ओवरों के अंदर इतना बड़ा स्कोर बना है।

# 3 साल में पहली बार फेडरेशन कप में भारत में प्रतिस्पर्धा करेंगे नीरज चोपड़ा



**नई दिल्ली।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि करने के बाद तीन साल में पहली बार घरेलू मैदान पर प्रतिस्पर्धा करेंगे।26 वर्षीय सुपरस्टार के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के पहले चरण में अपने सीजन की शुरूआत करने के बाद दोहा से भारत की यात्रा करने की उम्मीद है।भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, ह्नप्रविष्टियों के अनुसार @नीरज्_चोपड़ा1 और किशोर कुमार जेना 12 मई से भुवनेश्वर में शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करेंगे।ह्नचोपड़ा के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज ने भी पीटीआई से पुष्टि की कि उनका शिष्य भुवनेश्वर प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहा है।बुधवार को सामने आए शेड्यूल के मुताबिक, पुरुष भाला फेंक क्वालीफाइंग राउंड 14 मई को होगा और फाइनल 15 मई को होगा।28 वर्षीय किशोर जेना, जिन्होंने हांग्जो एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था, जहां चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता था, 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भी प्रतिस्पर्धा करेंगे।चोपड़ा ने आखिरी बार 17 मार्च, 2021 को उसी इवेंट में एक घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था, जब उन्होंने 87.80 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था।तब से, चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण जीता, 2022 में डायमंड लीग चैंपियन बने, 2023 में विश्व चैंपियन बने और चीन में एशियाई खेलों के स्वर्ण का बचाव किया।उन्होंने डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते और 2022 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। हालाँकि, उन्हें अभी भी 90 मीटर का आंकड़ा छूना बाकी है। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ और राष्ट्रीय रिकॉर्ड 89.94 मीटर है।

# 09 मई 2024 का राशिफल

**मेष राशि-** आज कार्य की अधिकता रहेगी। कुछ व्यापारिक समस्याएं परेशान करेगी। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। आर्थिक स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। भौतिक वस्तुओं की खरीदारी करेंगे। अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है।

**वृषभ राशि-** आज समस्या का निवारण होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दैनिक कार्यों की अधिकता रहेगी। परिवार में किसी सदस्य से अनबन हो सकती है। व्यापार में कठिनाईयां अधिक रहेगी। परिश्रम अधिक होगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन राशि-** आज कोई बड़े फैसले ना लें। सहकर्मी से मतभेद हो सकता है। वाणी में संयम रखें। व्यापार में लाभ प्राप्त होगा। कार्य में सफलता मिलेगी। सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। जीवनसाथी से उपहार की प्राप्ति होगी। आर्थिक स्थिति उत्तम रहेगी।

**कर्क राशि-** आज आत्मविश्वास बढ़ेगा। पिछले पड़े बड़े काम दोपहर के बाद करें। सफलता मिलेगी। धन की प्राप्ति होगी। उधार देने से परहेज करें। पैसा फंस सकता है। वाहन ध्यान से चलाएं। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परिजनों का सहयोग मिलेगा। भौतिक वस्तुओं की खरीदारी करेंगे।

**सिंह राशि-** आज का दिन अच्छा रहेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर रहेंगे। सेहत का ध्यान रखें। प्रॉपर्टी संबंधित मामलों में अभी धैर्य रखें। बड़ा निवेश करने से बचें। दूसरों की सहायता सोच-समझकर करें। पारिवारिक समस्या कम होंगी।

**कन्या राशि-** आज कार्य में सफलता मिलेगी। उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मेहनत से काम बनेंगे। क्रोध में फैसला ना लें। व्यापार में सावधानी बरतें। धोखा मिल सकता है। बड़े भाई-बहनों से संबंध बेहतर रहेंगे। परिवार के साथ समय व्यतीत करेंगे।

**तुला राशि-** आज मशीन से जुडे काम सतर्कता से करें। सोच समझकर उधार दें। लेन-देन में सावधानी बरतें। घरेलू खर्च की अधिकता रहेगी। मानसिक परेशानी होगी। व्यापार में वृद्धि होगी। भवन निर्माण कार्य में वृद्धि होगी। परिवार के साथ धार्मिक कार्य में शामिल होंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक राशि-** आज वाद-विवाद से बचें। प्रॉपर्टी संबंधित फैसले अकेले ना लें। कार्यक्षेत्र में उन्नति का योग बनेगा। संतान की ओर से मन में चिंता रहेगी। परिवार में सामंजस्य बनेगा।

**धनु राशि-** आज आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर तक सिरदर्द की समस्या बनी रह सकती हैं। मानसिक बैचेनी रहेगी। परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार में पुराने काम पूर्ण होंगे। नये प्रोजेक्ट की प्राप्ति होगी। धन का लाभ मिलेगा। कार्य में व्यस्तता बनेगी।

**मकर राशि-** आज आपका भाग्य साथ है। माता-पिता की सेहत का ख्याल रखें। परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। धन का लाभ मिलेगा। कार्य में व्यस्तता बनेगी। कार्य में उपलब्धि प्राप्त होगी। संतान की सफलता से मन प्रसन्न होगा। शत्रु पराजित होंगे। मनोबल बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति उत्तम रहेगी।

**कुंभ राशि-** आज सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मेहनत का फल मिलेगा। बड़े फैसले अकेले ना लें। यात्रा सम्भलकर करें। मित्रों का साथ मिलेगा। ससुराल से अनबन हो सकती है। आराम का अभाव रहेगा। व्यर्थ विवाद न करें। व्यापार में सफलता मिलेगी। संतान के द्वारा लाभ प्राप्त होगा।

**मीन राशि-** आज का दिन सामान्य रहेगा। अनावश्यक व्यय होगा। मानसिक परेशानी होगी। व्यापार में वृद्धि होगी। घरेलू कार्यों में प्रगति होगी। धार्मिक कार्यों में शामिल होंगे।

# गर्मी भरपूर, ताज का छाया सुरूर

- ताजका दीदार करने पहुंच रहे पर्यटक गर्मी से पड़ रहे बीमार
- गर्मी से बचाव के लिए सभी इंतजाम साबित हो रहे बेअसर

एनएनआई

**आगरा।** भीषण गर्मी से जहां ताजनगरी बेहाल है। वहीं मोहब्बत की निशानी को देखने आने वाले पर्यटकों पर भी गर्मी भारी पड़ रही है। भले ही बीमार हो जाएं, लेकिन ताजमहल का सुरूर बरकरार है। आलम यह है कि गर्मी में पर्यटक ताजमहल पर गश खाकर गिर रहे हैं। कल भी दस सैलानी लू के थपेड़ों की चपेट में आकर बीमार पड़ गए। उन्हें उपचार दिया गया। एक माह में 350 से अधिक सैलानी गर्मी में गश खा चुके हैं। गर्मी ने ताजनगरी के बाशिन्दों का जीना मुहाल हो रहा है। इसके बावजूद पर्यटक ताजमहल के दीदार के लिए पहुंच रहे हैं। गर्मी से बचने के लिए पर्यटक हर तरह के उपाय अपना रहे हैं। कोई छाता लेकर पहुंच रहा है, तो कोई कपड़े से चेहरे को ढककर गर्मी से अपना बचाव कर रहे हैं। बच्चों को कैप पहनाकर महिलाएं धूप से बचा रही हैं। गर्मी में प्यास बुझाने के लिए लोग पानी की बोतलें भी साथ लेकर आ रहे हैं। बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 44.05 डिग्री सेल्सियश था। इस तापमान में ताजमहल में चेन्नई से आए पलानिवेल, गुजरात से आए महेंद्र सिंह, अजित सिंह, देवबा लक्ष्मणजी, सुमन की तबीयत गर्मी के चलते खराब हुई तो केरल से आई अन्ना मारिया, केएस मनिकल, मैसूर की रेशमा परवीन और मदीहा बेग को चक्कर आ गए। उन्हें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के कर्मचारियों ने ओआरएस और ठंडा पानी पिलाया और डिस्पेंसरी ले जाकर प्राथमिक चिकित्सा दिलाई। ताजमहल में दहकते संगमरमर के कारण एक महीने में 350 से ज्यादा पर्यटकों की तबीयत बिगड़ चुकी है, जिन्हें उपचार दिया गया है। भीषण गर्मी के चलते शहर में दो पहिया वाहनों और पैदल यात्रियों को काफी मुश्किलें हो रही हैं। मौसम वैज्ञानिकों





### लू का अलर्ट जारी

स्वास्थ्य विभाग ने लू को लेकर अलर्ट जारी किया है। इसमें कहा गया है कि पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक धूप में बाहर निकलने से बचें। दोपहर में बाहर निकलना पड़े तो छाता लेकर निकलें। गर्मी का असर सड़कों पर भी सन्नाटे के रूप में दिखाई दे रहा है।

### हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ा

ताजनगरी में तापमान 44 डिग्री पार हो चुका है। इसके साथ ही हीटस्ट्रोक का खतरा बढ़ने लगा है। कुछ देर के लिए घर से बाहर निकलने पर उल्टी दस्त और पेट दर्द की समस्या हो रही है। लोगों के सिर में दर्द के साथ चक्कर आ रहे हैं, बेहोशी छा रही है।

### क्या कहते हैं पर्यटक

तामम‍हल का दीदार करने आईं बंगलौर निवासी आयशा ने बताया कि गर्मी से थोड़ी दिक्कत हो रही है। धूप होने से बच्चों को खासी परेशानी हो रही है। उमस और बढ़ रही है। ऐसे में गर्मी कुछ ज्यादा ही महसूस होती है।





